R.N.I. Rg. No. : 35394/77
E-mail : dvp.jhs@gmail.com / vishwapariwar@rediffmail.com
Web. : www.dainikvishwapariwar.com

# दैनिक विश्व परिवार

झांसी (उ.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित

• अंक : 84 • वर्ष : 48 • झाँसी : बुधवार 17 जनवरी, 2024 • पृष्ठ : 08 • मूल्य : 4 रूपए • संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

छोटी सोच शंका को जन्म देती है और बड़ी सोच समाधान को।



आर्यिका श्री 105
पूर्णमति माता जी

## अब अयोध्या में गोली नहीं चलेगी, मिलेंगे लड्डू के गोले, कर्फ्यू नहीं, होगा राम का कीर्तन : योगी



**लखनऊ (एजेंसी)।** सीएम योगी ने कहा कि अब अयोध्या बदल गई है। अब किसी की हिम्मत नहीं है कि वह वहां धार्मिक कार्यों को रोक सके। अब वहां राम का कीर्तन होगा, गोली नहीं चलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नई अयोध्या में अब कभी कर्फ्यू नहीं लगेगा बल्कि वहां राम नाम संकीर्तन होगा। वहां पर कभी गोली नहीं चलेगी बल्कि रामभक्तों को लड्डू के गोले मिलेंगे। अयोध्या में अब कोई पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा को रोकने का साहस नहीं करेगा।

मुख्यमंत्री आवास पर मंगलवार शाम आयोजित कार्यक्रम में हेरिटेज हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से देश के 12 लाख हस्तशिल्पियों की ओर से श्रीरामलला के लिए तैयार विशिष्ट वस्त्र को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में राम के बिना कोई काम संभव नहीं हैं। जन्म हो तो अखण्ड रामायण का पाठ होता है और जीवन की अंतिम यात्रा में राम नाम का उच्चारण होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में नव्य मंदिर में राम के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा लोक आस्था और जन विश्वास की पुनर्प्रतिष्ठा है। 500 वर्षों तक श्रीरामजन्मभूमि का मुद्दा कभी दबा नहीं। ऐसा उदाहरण किसी अन्य प्रकरण के लिए अन्यत्र कहीं नहीं देखने को मिलता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु राम, धर्म अर्थ, काम और मोक्ष यानी चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति के माध्यम हैं। राम जैसा कोई नाम नहीं। यह अकेला ऐसा नाम है जो आजीविका का साधन भी है। राम आस्था के साथ आर्थिकी के भी माध्यम हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अपने गौरव के अनुरूप सम्मान प्राप्त कर रहीं हैं। लखनऊ से अयोध्या के लिए जल्द ही हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने जा रही है। सरयू में क्रूज चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ समय पूर्व तक कल्पना से परे था लेकिन रामकृपा से आज यह सब साकार हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेरिटेज हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रामलला के लिए 12 लाख हस्तशिल्पियों की ओर से वस्त्र तैयार किए हैं। वस्त्र में रामभक्ति का ताना है और हस्तशिप का बाना है। वस्त्र को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी जी को सौंपा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के के वरिष्ठ संरक्षक सुरेश जोशी भैया जी ने कहा कि भगवान राम के जीवन को देखें तो उनका पूरा जीवन संघर्षमय दिखता है। प्रारंभ में विश्वामित्र जी लेकर गए, तो बाद में वनवास हुआ और फिर न चाहते हुए भी लंका पर आक्रमण करना पड़ा। उस समय उनके साथ वानर सेना थी और आज लगता है कि वही वानर-भालू पुनर्जन्म लेकर फिर राम काज के लिए प्रस्तुत हैं। राम के जीवनकाल में भी कुछ उनके विरुद्ध थे, कुछ तटस्थ, आज भी कुछ वैसा ही है। रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा से एक बार फिर रावण संस्कृति नष्ट होगी और रामराज्य की पुनर्स्थापना होगी।

## सरकार इथेनॉल के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है : वी.के. सिंह




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज जीवाश्म ईंधन के स्थान पर वैकल्पिक ईंधन की आवश्यकता पर अधिक जागरूकता है। प्राथमिक चिंताओं के रूप में स्थिरता और पर्यावरणीय प्रभाव के साथ, स्वच्छ वैकल्पिक ईंधन का प्रभाव यह सुनिश्चित करेगा कि जिस हवा में हम सांस लेते हैं वह आज की तुलना में अधिक स्वच्छ है। विभिन्न वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध हैं, और हम अधिक उदार व्यवस्था की दिशा में काम कर रहे हैं ताकि वैकल्पिक ईंधन का उत्पादन और बिक्री आसान हो सके। यह उद्गार सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल वी.के. ने आज यहां एसोचैम द्वारा आयोजित फ्यूल्स ऑफ फ्यूचर 2.0 सम्मेलन में व्यक्त किए।

डॉ. सिंह ने कहा कि हमने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर भी बड़ा कदम उठाया है, जहां ली-आयन सबसे आगे रहा है, लेकिन सोडियम-आयन पर बड़ी मात्रा में शोध किया जा रहा है उन्होंने कहा कि ली-आयन के विकल्प ढूंढे जा रहे हैं ताकि हम लिथियम चक्र से अधिक स्वतंत्र हो सकें। पूरी तरह से. टिकाऊ विमानन ईंधन पर भी जोर दिया जा रहा है ।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने टिकाऊ विमानन ईंधन से संचालित उड़ान का परीक्षण किया है। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हम कौन सा वैकल्पिक ईंधन अपनाएं और हम वैकल्पिक ईंधन के प्रति मानसिकता में कैसे बदलाव ला सकते हैं।

अश्विनी श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव (चीनी), खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने अपने संबोधन में कहा, ÷देश में चीनी के उत्पादन में अनुमानित गिरावट को देखते हुए सरकार ने गन्ने के रस और बी-हाइ गुड़ से उत्पादित इथेनॉल तक चीनी के डायवर्जन को सीमित कर दिया है। हम 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं जिसके लिए मिश्रण के लिए लगभग 1016 करोड़ लीटर इथेनॉल और अन्य औद्योगिक उपयोग के लिए 334 करोड़ लीटर इथेनॉल की आवश्यकता होगी। यह मानते हुए कि संयंत्र अपनी स्थापित क्षमता के 80त्न पर चलते हैं, 2025 तक लगभग 1700 करोड़ लीटर क्षमता स्थापित होनी चाहिए। आज हमारी क्षमता गुड़ के माध्यम से 890 करोड़ लीटर और अनाज आधारित फीडस्टॉक से लगभग 510 करोड़ लीटर है। 300 करोड़ लीटर की अतिरिक्त क्षमता जोड़ने की जरूरत है।

सम्मेलन में सभा को संबोधित करते हुए, ब्राजील के संघीय गणराज्य के राजदूत, केनेथ फेलिक्स हज़िंस्की दा नोब्रेगा ने टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों पर दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बात की। भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस का शुभारंभ वास्तव में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व प्रयास है। यह एक नए चरण की शुरुआत की शुरुआत करता है, जो हमारी अर्थव्यवस्थाओं के डीकार्बोनाइजेशन के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में जैव ईंधन प्रौद्योगिकी को मजबूत करेगा। जी20 की ब्राज़ीलियाई अध्यक्षता जीबीए के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने बताया है कि बायोएनर्जी के उपयोग को बढ़ाए बिना, दुनिया अपने जलवायु लक्ष्यों तक नहीं पहुंच पाएगी। इसमें 2050 तक आधुनिक बायोएनर्जी आपूर्ति को तीन गुना करने का भी आह्वान किया गया है, जिसे तब तक हासिल किया जा सकता है जब तक उचित नीतियां, प्रौद्योगिकी, वित्त और अच्छी प्रथाएं अपनाई जाती हैं। ब्राज़ील परिवहन क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में अग्रणी है। जब वैश्विक स्तर पर परिवहन में नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग 5त्न से कम है तो जैव ईंधन हमारी परिवहन ऊर्जा खपत का 25त्न प्रतिनिधित्व करता है।

स्वागत भाषण देते हुए, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, अध्यक्ष, वैकल्पिक ईंधन पर एसोचैम टास्क फोर्स ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह सभा वर्तमान परिवेश और भू-राजनीतिक स्थिति के लिए कैसे प्रासंगिक है। ÷हम सभी को यह सोचने की ज़रूरत है कि हम पर्यावरण में कैसे योगदान दे सकते हैं।

## पीएम मोदी नहीं श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा होंगे प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान

***अयोध्या (एजेंसी)।*** *अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं होंगे। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा मुख्य यजमान होंगे।*

*अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं बल्कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र होंगे। यजमान के रूप में उन्होंने मंगलवार को प्रायश्चित पूजन में हिस्सा लिया। अब वे सात दिनों तक यजमान की ही भूमिका में रहेंगे।*

*प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले कर्मकांडी ब्राह्मणों और मुहूर्तकारों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपालदास, संघ प्रमुख मोहन भागवत और डॉ. अनिल मिश्र अपनी पत्नी के साथ मुख्य आयोजन के समय 22 जनवरी को गर्भगृह में उपस्थित रहेंगे।*

*प्रधानमंत्री मोदी गर्भगृह में अपने हाथ से कुशा और श्लाका खींचेंगे। उसके बाद रामलला के प्राण प्रतिष्ठित हो जाएंगे। उस दिन वह भोग अर्पित करेंगे और आरती भी करेंगे।*

*मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या के विवेक सृष्टि आश्रम में अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। काशी के पंडितों ने सरयू में स्नान करने के बाद अनुष्ठान का शुभारंभ किया।कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा और प्रतिमा बनाने वाले अरुण योगीराज भी वहां मौजूद हैं।*

## मिडिल क्लास लोगों को बड़ी राहत की उम्मीद, इनकम टैक्स की नई व्यवस्था में मिल सकती है और छूट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आगामी एक फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट में सरकार मध्य वर्ग के लिए इनकम टैक्स में राहत की घोषणा कर सकती है, लेकिन यह राहत सिर्फ नई टैक्स व्यवस्था अपनाने वाले टैक्सपेयर्स के लिए हो सकती है।

इसकी मुख्य वजह है कि सरकार नई टैक्स व्यवस्था को प्रोत्साहित करना चाहती है। इस व्यवस्था के तहत इनकम टैक्स में और राहत देने पर अधिक से अधिक टैक्सपेयर्स इस व्यवस्था को अपनाएंगे। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पिछले साल एक फरवरी को पेश बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स की नई व्यवस्था के तहत सालाना सात लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देने की घोषणा की थी।

स्टैंडर्ड डिडक्शन व अन्य रिबेट को मिलाकर यह सीमा 7.5 लाख रुपए तक की हो जाती है। यानी कि सालाना 7.5 लाख तक की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। सरकार ने वर्ष 2020 के बजट में ही नई व्यवस्था की घोषणा की थी, लेकिन इस व्यवस्था के तहत 80सी व होम लोन के मद में निवेश पर कोई छूट नहीं होने से इस व्यवस्था के प्रति टैक्सपेयर्स ने कोई ध्यान नहीं दिया। वित्त मंत्रालय सूत्रों के मुताबिक एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में नई टैक्स व्यवस्था के तहत इनकम टैक्स में 50,000 रुपए तक की और छूट मिलने की उम्मीद है। इस घोषणा के बाद यानी कि नए वित्त वर्ष से आठ लाख रुपए तक की आय इनकम टैक्स से मुक्त हो सकती है।

टैक्स एक्सपर्ट एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) असीम चावला कहते हैं कि सरकार इनकम टैक्स कानून के सेक्शन 15 व 16 के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन में 50,000 रुपए की और छूट दे सकती है अधिक से अधिक लोग टैक्स की नई व्यवस्था को अपनाए। अंतरिम बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन की घोषणा करने में सरकार को कोई दिक्कत नहीं आएगी।

पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत पांच लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं है। इस व्यवस्था के तहत टैक्सपेयर्स एचआरए, होम लोन, हेल्थ इंश्योरेंस जैसे विभिन्न मदों में निवेश से टैक्स में छूट भी ले सकते हैं।

## हम तो मायावती को पीएम बनाना चाहते थे, पर वह किसी के दबाव में हैं : अखिलेश



**लखनऊ (एजेंसी)।** मायावती के अकेले चुनाव लड़ने के फैसले वाले बयान के एक दिन बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि हम मायावती को पीएम बनाना चाहते थे लेकिन वह किसी के दबाव में हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हम तो बसपा प्रमुख मायावती को प्रधानमंत्री बनाना चाहते थे, लेकिन वह हमारे खिलाफ गिरगिट जैसी भाषा का इस्तेमाल कर रही हैं। भाजपा का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि शायद उन पर कहीं से ऐसा करने के लिए दबाव है।

मायावती ने सोमवार को लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि सपा मुखिया ने बसपा के लोगों को गुमराह करने के लिए बसपा प्रमुख के प्रति गिरगिट की तरह रंग बदला है। इस संबंध में एक सवाल के जवाब में अखिलेश ने बाराबंकी में कहा कि समाजवादियों की कोशिश रही कि सभी विपक्षी दलों को जोड़ने का प्रयास हो। हमारी कोशिश रहेगी कि इंडिया गठबंधन मजबूत हो।

अखिलेश ने कहा कि हमने तो यह भी संकल्प लिया था कि देश की प्रधानमंत्री उस वर्ग से हो, जिन्होंने हजारों साल समाज की तमाम बुराइयों का सामना किया। सपा तो उन्हें प्रधानमंत्री बनाने का सपना देख रही थी। उस दिशा में काम भी किया। वहीं, मायावती रंग बदलने की बात कह रही हैं, शायद उन पर कहीं से दबाव है।

अखिलेश ने कनाडा सरकार के आरोपों को लेकर भी केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि क्या दूसरे देश में जाकर हमारी सरकार हत्या कराएगी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत की सरकार पर यह आरोप लगाया है और अमेरिका ने डबल एजेंट को पकड़ लिया है। सोचिए, विश्व गुरु का सपना दिखाने वाले किस आरोप में फंस रहे हैं। जब सच्चाई दुनिया के सामने आएगी, तब हमारा देश कितना अपमानित होगा कि भारत जैसा देश जो सहिष्णुता के लिए जाना जाता है, दूसरे देश में जाकर हत्या करा रहे हैं।

## सज गया 400 करोड़ रुपये का पटाखों का बाजार




◆ **राम मंदिर के शुभारंभ पर दीपावली से ज्यादा बिक रहे पटाखे**

**अयोध्या (एजेंसी)।** पटाखे बनाने के लिए मशहूर शिवकाशी फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के मुताबिक दीपावली के बराबर का बाजार सिर्फ 22 जनवरी के लिए तैयार हुआ है। अभी तक की तैयारी के मुताबिक अयोध्या में राम मंदिर के शुभारंभ वाले दिन तक तकरीबन 250 करोड रुपये से ज्यादा का पटाखों का बाजार तैयार है।

अयोध्या में राम मंदिर के शुभारंभ से पहले पटाखों का भी एक बहुत बड़ा बाजार 22 जनवरी के लिए सज कर तैयार हो गया है। देशभर में पटाखे बनाने के लिए मशहूर शिवकाशी फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के मुताबिक दीपावली के बराबर का बाजार सिर्फ 22 जनवरी के लिए तैयार हुआ है। अभी तक की तैयारी के मुताबिक अयोध्या में राम मंदिर के शुभारंभ वाले दिन तक तकरीबन 250 करोड रुपये से ज्यादा का पटाखों का बाजार तैयार है। जबकि देश के अलग-अलग हिस्सों में तैयार होने वाले पटाखों के बाजार को भी जोड़ा जाए, तो यह आंकड़ा 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो रहा है। ऑल इंडिया फायरवर्क ट्रेडर्स एसोसिएशन के मुताबिक 22 जनवरी को दीपावली से कम का बाजार नहीं बना है।

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के शुभारंभ पर एक बार फिर से दीपावली मनाने की पूरे देश ने तैयारियां की हैं। इसके लिए बाकायदा बाजार में पटाखे की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया है। देशभर के अलग-अलग हिस्सों में पटाखे बनाने के लिए न सिर्फ लगातार ऑर्डर मिल रहे हैं, बल्कि सभी प्रमुख राज्यों के शहर और राजधानी में उनकी बिक्री भी तेज हो गई है। शिवकाशी फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन के मुताबिक अयोध्या में राम मंदिर की तैयारी के साथ-साथ पटाखों कीए मांग भी तेजी से बढ़ी है।

संगठन के संजय मुरूगन कहते हैं कि बीते कुछ समय से दीपावली का बाजार पटाखों पर प्रतिबंध के चलते ठंडा ही रहा है। उनका कहना है कि एक समय यह बाजार 700 से 900 करोड़ रुपये का सिर्फ दीपावली के ही वक्त हो जाता था। लेकिन घटती मांग के चलते यह बाजार 400 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया। लेकिन राम मंदिर के शुभारंभ को लेकर एक बार फिर से दिवाली की रौनक वापस लौट आई है।

उनका कहना है कि अनुमान के मुताबिक 20 जनवरी तक पूरे देश में सिर्फ उनके संगठन से ताल्लुक रखने वाले निर्माताओं का ही 200 से 250 करोड़ रुपये का बाजार अनुमानित है। जबकि 150 करोड़ रुपये का बाजार देश के अलग-अलग राज्यों में निर्मित होने वाले पटाखों का भी माना जा रहा है। इंडियन फायरवर्क्स संगठन के सचिव अनूप जायसवाल बताते हैं कि राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह बना हुआ है। इसी उत्साह में एक बार फिर से देश में दीपावली मनाए जाने की तैयारियां चल रही हैं।

## हमारा लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं को आधा करना है : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक देश के रूप में, हमें 2030 तक दुर्घटनाओं को कम से कम 50त्न तक कम करने के लिए 4ई-सड़कों और वाहनों की इंजीनियरिंग, शिक्षा, प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक साथ आना होगा यह मानना है केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का।

वे आज यहां सड़क सुरक्षा पर सीआईआई द्वारा आयोजित नेशनल कॉन्क्लेव राजमार्ग इंडियन रोड्स 2030 राइजिंग द बार ऑफ सेफ्टी को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा, हमारे यहां हर घंटे 53 दुर्घटनाएं होती हैं और 19 मौतें होती हैं, जिनमें से ज्यादातर युवा होते हैं, जो स्वीकार्य नहीं है और इसे संबोधित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गडकरी ने कहा कि आपातकालीन देखभाल में, उद्योग को अपने संसाधनों का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुर्घटना पीड़ितों को सुनहरे समय में स्वास्थ्य देखभाल मिल सके और जीवन बचाने के लिए गंभीर चोटों में अंग दान की सुविधा में मदद मिल सके।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने घोषणा की कि सरकार कैशलेस गोल्डन ऑवर योजना पर बीमा पारिस्थितिकी तंत्र के साथ काम कर रही है। हम इस बीमा योजना के अंतिम चरण पर काम कर रहे हैं, जो अगले कुछ महीनों में जनता के लिए उपलब्ध होगी जैन ने कहा, मंत्रालय जिस नए अनुबंध का मसौदा तैयार कर रहा है, उसमें एम्बुलेंस और पैरामेडिक्स का होना अनिवार्य होगा। सभी टोल-गेट. ÷हम शून्य शिकायत, शून्य मृत्यु दर और शून्य मध्यस्थता के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं। हालांकि इसे हासिल करना मुश्किल है, लेकिन जब हम उन्हें अपना लक्ष्य बनाते हैं, तो हम मिशन मोड पर इस दिशा में काम करते हैं।

इंजीनियरिंग को संबोधित करते हुए मंत्री ने उद्योग की ओर से विशेष रूप से सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा परिप्रेक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों की बेहतर योजना बनाने में इंजीनियरों को बड़ी जिम्मेदारी लेनी होगी। उनकी विस्तृत योजना रिपोर्ट में सड़क-सुरक्षा परिप्रेक्ष्य गहराई से समाहित होना चाहिए।

## सीट बंटवारे पर हो रही चर्चा, जल्द होगा समाधान : राहुल गांधी



**चिफोबोजू (एजेंसी)।** इंडिया गठबंधन पर बोलते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हम जल्द ही आपको सीट बंटवारे से जुड़ी खबर देंगे। 2024 के आम चुनाव में भाजपा को करारी मात देंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे का जल्द समाधान निकल जाएगा। उन्होंने इस दौरान दावा किया कि विपक्षी गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देगा। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों के बीच आपसी सम्मान और प्रेम हैं। यह गठबंधन भाजपा, आरएसएस के विचारों का विरोध करता है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान नागालैंड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में हैं। सभी सहयोगी दल आपस में बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल सीट बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा की जा रही है, मुझे लगता है कि जल्द ही आप लोगों को एक अच्छी खबर मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है, इसका समाधान जल्द निकाला जाएगा। नीतीश कुमार की नाराजगी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कोई भी नाराज नहीं है।

## 18 जनवरी तक बंद रहेंगे आठवीं तक के स्कूल

**लखनऊ (एजेंसी)।** जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बढ़ती ठंड को देखते हुए फिर से कक्षा आठवीं तक के स्कूलों की छुट्टी बढ़ गई है। सभी बोर्ड के सरकारी और निजी स्कूलों में नर्सरी से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की 18 जनवरी तक छुट्टी रहेगी।

नौवीं कक्षा से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए जिन स्कूलों में कक्षाएं संचालित की जा रही है। उनका समय सुबह 10 बजे से तीन बजे के बीच रहेगा। स्कूल खुलने पर इन कक्षाओं में ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबंध करने के लिए कहा गया है।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने 17 और 18 जनवरी तक स्कूल बंद रखने का निर्देश निर्देश जारी करते हुए स्कूलों को कड़ाई से पालन करने के लिए कहा है। स्कूल अपनी सुविधा के अनुसार, ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर सकते हैं। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए है। शिक्षक और कर्मचारियों को लेकर स्कूल प्रबंधन को निर्णय लेना है।








## दिगम्बराचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित
## हाइकु

**घी दूध पुनः, बने तो मुक्त पुनः, हम से रागी।**

भावार्थ- घी दूध की शुद्ध पर्याय है। एक बार दूध से घी बन जाता है तो वह पुनः दूध रूप में परिणत नहीं होता। इसी प्रकार जीव एक बार शुद्धावस्था रूप सिद्ध पर्याय को प्राप्त कर लेता है तो पुनः संसार में वापस नहीं आता। यदि घी दूध बनने लगे तो मुक्त जीव भी संसार में आकर हम जैसे रागी द्वेषी बन जायेंगे।

## सम्पादकीय

# उत्तर प्रदेश में बीजेपी सरकार के गठबंधन का हिस्सा

ओपी राजभर ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने भी खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। राजभर ने कहा कि हमने अमित शाह जी से पूछा था कि मंत्रिमंडल विस्तार में इतना विलंब क्यों हो रहा है तो उन्होंने खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी सरकार के गठबंधन का हिस्सा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी हमेशा सुर्खियां बटोरती रहती है। यह सुर्खियां खासकर इस बात को लेकर बनती हैं कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर योगी मत्रिमंडल का कब हिस्सा बनेंगे? इसको लेकर लम्बे समय से अटकले भी लग रही हैं, लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सपा छोड़कर भाजपा में आये दारा सिंह चौहान के मंत्री बनने की तमन्ना पूरी नहीं हो पा रही है। मंत्री बनने के लिए राजभर कुछ ज्यादा बेचैन दिख रहे हैं। योगी से कई बार मुलाकात के बाद भी जब राजभर के मंत्री बनने की राह नहीं खुली तो उन्होंने दिल्ली के दरबार में दस्तक देना शुरू कर दिया है। गत दिवस राजभर ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुलाकात की है। राजभर और शाह के बीच हुई मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है। राजभर इससे पहले सीएम योगी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर चुके हैं।

सूत्र बताते हैं कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से राजभर की मुलाकात के दौरान यूपी मंत्रीमंडल विस्तार, लोकसभा चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मुलाकात के बाद राजभर के योगी मंत्रिमंडल में शामिल होने की चर्चाओं ने फिर तूल पकड़ लिया है। सुभासपा की ओर से दावा किया जा रहा है कि खरमास खत्म होते ही योगी मंत्रिमंडल विस्तार किया जा सकता है जिसमें राजभर और दारा सिंह चौहान मंत्री पद हासिल कर सकते हैं।

उधर, ओपी राजभर ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने भी खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। राजभर ने कहा कि हमने अमित शाह जी से पूछा था कि मंत्रिमंडल विस्तार में इतना विलंब क्यों हो रहा है तो उन्होंने खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। अभी मंत्रिमंडल विस्तार की फाइनल तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन खरमास के बाद किसी भी समय विस्तार की घोषणा हो सकती है। मीडिया से बात करते हुए राजभर ने यह भी कहा कि सिर्फ वह ही मंत्री नहीं बनेंगे, अन्य लोग भी मंत्री बनाए जा सकते हैं। हालांकि अन्य लोगों में से किसी का खुलकर नाम उन्होंने नहीं बताया। राजभर ने गृहमंत्री से मुलाकात की दो फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है जिसमें उन्होंने लिखा है कि नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से नए साल पर आत्मीय मुलाकात हुई है। इस बैठक में यूपी, बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए प्रस्ताव जल्द से जल्द यूपी सरकार से केंद्र सरकार को भेजे जाने पर भी चर्चा हुई है।

राजभर ने अपनी पोस्ट के जरिये बताया कि बंजारा जाति की सामाजिक समस्याओं व गोंड, खरवार जाति के जातिप्रमाण पत्र के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही वंचित और शोषित वर्गों के हितों से जुड़े अहम विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई है। बहरहाल, ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान की स्थिति ठीक वैसे ही हो गई है जैसी योगी के पहले कार्यकाल में मौजूदा ऊर्जा और नगर विकास मंत्री एके शर्मा की हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफी करीबी माने जाने वाले एके शर्मा को जब गुजरात से यूपी लाकर चुनाव लड़ाया गया था तो यहां तक चर्चा चल पड़ी थी कि योगी सरकार के ऊपर मोदी ने एके शर्मा के रूप में 'पहरेदार' बैठा दिया है। शर्मा को योगी मत्रिमंडल में बड़ा विभाग मिलने की भी खूब चर्चा हुई लेकिन योगी ने शर्मा को अंत तक मंत्री पद की शपथ नहीं दिलाई थी जबकि उनके ऊपर दिल्ली का काफी दबाव था। ऐसे में अब राजभर का दिल्ली दरबार वाला दबाव योगी पर कितना चल पायेगा, यह कहना मुश्किल है। राजभर की इस हिमाकत के चलते यदि राजभर से मंत्री पद की कुर्सी और दूर चली जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

# तबाह सीरिया को जबरन एक और युद्ध में घसीटने पर तुला है ईरान



मनीष राय

**ईरान के सबसे भरोसेमंद प्रॉक्सी समूह हिजबुल्लाह की बड़ी सेना और सहयोगी मिलिशिया को लेबनानी-सीरियाई सीमा पर तैनात किया गया है। जहां शिया समुदायों और तीर्थस्थलों के बड़े हिस्से हैं और दक्षिणी लेबनान में हिज़्बुल्लाह के गढ़ के पास हैं।**

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और उसके सबसे वफादार आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने 2012 से ही असद शासन के समर्थन में सीरिया में सीधे लड़ाई लड़ी है। ईरानियों ने सैन्य और आर्थिक रूप से सीरिया में भारी निवेश किया है क्योंकि तेहरान का मानना है कि सीरिया के साथ उसका गठबंधन जो है इस क्षेत्र में सबसे पुराना और टिकाऊ है। प्रतिरोध की धुरी के हिस्से के रूप में सीरिया के भू-रणनीतिक अभिविन्यास को संरक्षित करना ईरानी नेताओं के बीच सार्वभौमिक रूप से साझा किया जाने वाला एक उद्देश्य है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ ÷अग्रिम सैन्य चौकी÷ की रणनीति के केंद्रबिंदु के रूप में कार्य करता है। ईरान का यह रुख अब खुलकर लोगों के सामने आ गया है क्योंकि सीरिया तेजी से ईरान और इजराइल के बीच युद्ध का मैदान बनता जा रहा है। ईरानी सरकारी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हाल ही में सीरिया की राजधानी दमिश्क के बाहरी इलाके में एक इजरायली हवाई हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक वरिष्ठ सलाहकार की मौत हो गई। सैय्यद राजी मुहसावी, सीरिया में शीर्ष आईआरजीसी कमांडरों में से एक थे। इसके अलावा, मुहसावी सीरिया और लेबनान के सबसे पुराने आईआरजीसी कमांडरों में से एक रहे, वह 1980 के दशक से इस क्षेत्र में काम कर रहे थे। ईरानी सरकारी टीवी पर पढ़े गए एक बयान में, आईआरजीसी ने कहा कि ÷अतिक्रमणकारी और क्रूर जिओनवादी शासन को इस अपराध के लिए भुगतान करना होगा÷। यह उम्मीद की जा रही है कि ईरानी इस बड़े नुकसान का बदला लेने के लिए जवाबी कार्रवाई करेंगे और संघर्ष का बढ़ना अब लगभग तय है।

एक वरिष्ठ ईरानी ऑपरेटिव की यह हत्या अचानक नहीं हुई। पिछले कुछ समय से सीरिया में स्थित ईरानी लड़ाकों द्वारा इजरायली क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों के जवाब में इजरायल सीरिया में स्थित ईरानी ठिकानों पर हमला कर रहा है। इससे पहले भी इज़राइल ने देश से रॉकेट और मोर्टार हमलों के जवाब में सीरिया के क्षेत्र के अंदर अपने कई हमले किए हैं। इज़राइल ने सीरिया के दो मुख्य हवाई अड्डों, दमिश्क और अलेप्पो पर भी हवाई हमले किए हैं, जिससे दोनों कुछ समय के लिए सेवा से बाहर हो गए हैं। गाजा में इजरायल-हमास संघर्ष की शुरुआत के बाद से ही, सीरिया को भी इसके प्रभाव का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अब ईरान गाजा में अपने समर्थित आतंकवादी संगठनों का मनोबल बढ़ाने के लिए सीरिया को इजरायल के खिलाफ दूसरे मोर्चे के रूप में सक्रिय रूप से इस्तेमाल कर रहा है। सीरियाई संघर्ष की शुरुआत के बाद से तेहरान का एक सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य इजरायल को घेरने की रणनीति बनाना था। इसे हासिल करने के लिए ईरानियों ने सीरियाई-इजरायल सीमा पर और विशेष रूप से गोलान हाइट्स के बाहरी इलाके में सैनिकों और सैन्य उपकरणों तैनाती की।

ईरान के सबसे भरोसेमंद प्रॉक्सी समूह हिजबुल्लाह की बड़ी सेना और सहयोगी मिलिशिया को लेबनानी-सीरियाई सीमा पर तैनात किया गया है। जहां शिया समुदायों और तीर्थस्थलों के बड़े हिस्से हैं और दक्षिणी लेबनान में हिज़्बुल्लाह के गढ़ के पास हैं। हिजबुल्लाह ने दमिश्क और होम्स शहरों सहित सीरिया के अंदर भी लड़ाकों को तैनात किया है। मध्य यूफ्रेट्स नदी घाटी में डेर अल-ज़ौर गवर्नरेट तक हिज़्बुल्लाह लड़ाकों के होने की खबरें आई हैं। हाल ही में, हिजबुल्लाह बलों ने इजरायल-सीरियाई सीमा के पास सीरियाई सैन्य ठिकानों पर तैनाती की है। इस तैनाती का उद्देश्य इज़राइल को कई मोर्चों पर घेरना है। ईरानियों ने पहले भी सीरियाई क्षेत्र से इजराइल को निशाना बनाने की कोशिश की थी।

इस संबंध में सबसे उल्लेखनीय प्रयास आईआरजीसी के कुद्स फोर्स के कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी का था, उन्होंने सीरिया में एक ट्रक पर लगे लॉन्चर से इज़राइल पर रॉकेट्स दागकर इज़राइल के सक्रिय रक्षा अभियान का जवाब देने की कोशिश की। इजरायली वायु सेना (द्बस्न) ने जवाबी कार्रवाई में सीरिया में 50 से अधिक ईरानी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इज़राइल के भयंकर हवाई अभियानों ने थोड़े समय के लिए ईरान को हतोत्साहित कर दिया परंतु ईरानियों ने सीरियाई क्षेत्र से इज़राइल पर हमला करने के लिए अन्य रास्ते तलाशने शुरू कर दिए। ईरान ने सीरियाई राष्ट्रपति असद की सेना और सीरियाई हथियार उद्योग के साथ गहराई से घुलमिल कर यह सुनिश्चित किया कि सीरिया में उसकी भविष्य की गतिविधियां छिपी रहें।

ईरानियों की विस्तारित उपस्थिति, विशेषकर दक्षिणी सीरिया में, ने पहले ही इज़राइल की खतरे की धारणा को प्रभावित कर दिया है। परिणामस्वरूप, ईरान से संबद्ध ठिकानों पर इज़रायल के हमले बढ़ रहे हैं।

इज़राइल एक आक्रामक बचाव की रणनीति पे चल रहा है, जो सीरिया में अपने पड़ोस से ईरानी खतरे को दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे सीरिया में ईरान और इज़राइल के बीच एक नया तनाव चक्र शुरू हो सकता है, जिसका पूरे क्षेत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। सीरियाई शासन को यह समझना चाहिए कि अगर सीरिया में तेल अवीव और तेहरान के बीच चल रहे इस युद्ध पर काबू नहीं पाया गया। तब इज़राइल सीरियाई सरकार के उन सैन्य स्थलों पर हमले करने से नहीं हिचकिचाएगा जहां ईरानियों ने घुसपैठ की है।

ईरान की हरकतें असद शासन की जीत को ख़तरे में डाल रही हैं। जैसे-जैसे सीरिया का आंतरिक संघर्ष ख़त्म हो रहा है। सीरियाई सरकार को अपना ध्यान पुनर्निर्माण के विशाल कार्य की ओर लगाना चाहिए, और इज़राइल के साथ किसी भी युद्ध में नहीं घसीटा जाना चाहिए। लेकिन ईरान इस तरह के जोखिम उठाने के लिए आश्वस्त और तैयार दिखता है, और उसका मानना है कि उसे अपनी विनाशकारी गतिविधियों को जारी रखने के लिए दमिश्क से किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। ईरानी एक अस्थिर और संघर्षग्रस्त सीरिया चाहते हैं जिसे वे आसानी से नियंत्रित और उपयोग कर सकें। अब यह सीरियाई सरकार को तय करना है कि क्या वे एक मूक दर्शक बने रहना चाहते हैं और ईरान को अपने देश को एक और संघर्ष में घसीटने देना चाहते हैं या हस्तक्षेप करके कमान संभालना चाहते हैं।

## घरेलू नुस्खे......................

# कच्चे दूध का सेवन करने से मिल सकते हैं यह जबरदस्त फायदे



मिताली जैन

**कच्चा दूध प्रोटीन से भरपूर होता है जो खनिजों के अवशोषण को बढ़ाने के साथ-साथ रक्तचाप को सामान्य बनाए रखता है। कच्चा दूध जो विटामिन डी और कैल्शियम प्रदान करता है, उसे उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने और कम करने के लिए अच्छे एजेंट के रूप में जाना जाता है।**

दूध को कैल्शियम सहित कई तरह के पोषक तत्वों का पावर हाउस माना जाता है। आमतौर पर, लोग अपने घर में दूध लाकर व उसे उबालकर उसका सेवन करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि अगर आप कच्चे दूध का सेवन करते हैं तो इससे आपको और भी ज्यादा लाभ होता है। हालांकि, अधिकतर लोगों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कच्चे दूध से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदों के बारे में बता रहे हैं-

**रक्तचाप को नियंत्रित करने में मददगार**

कच्चा दूध प्रोटीन से भरपूर होता है जो खनिजों के अवशोषण को बढ़ाने के साथ-साथ रक्तचाप को सामान्य बनाए रखता है। कच्चा दूध जो विटामिन डी और कैल्शियम प्रदान करता है, उसे उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने और कम करने के लिए अच्छे एजेंट के रूप में जाना जाता है।

**गुड बैक्टीरिया से होता है भरपूर**

कच्चे दूध में गुड बैक्टीरिया भरपूर मात्रा में पाए जा सकते हैं जो आपके स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। खासकर पेट के लिए इन्हें काफी अच्छा माना जाता है। वे आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को अच्छी तरह से काम करने में भी मदद करते हैं। आप डेयरी उत्पादों और प्राकृतिक रूप से फरमेंट खाद्य पदार्थों का सेवन करके अपने पेट में गुड बैक्टीरिया की मात्रा को बढ़ा सकते हैं। चूंकि पाश्चुरीकृत और होमोजेनाइज्ड दूध में कोई भी गुड बैक्टीरिया नहीं होता है, इसलिए आपको उन्हें प्राप्त करने के लिए कच्चे दूध की ओर रुख करना होगा।

**विटामिन से भरपूर**

कच्चे दूध में विटामिन ए, के और ई जैसे प्राकृतिक वसा में घुलनशील विटामिन होते हैं। इसमें विटामिन सी और बी कॉम्प्लेक्स भी होते हैं जो पानी में घुलनशील होते हैं। इनमें से अधिकांश विटामिन डेलीकेट होते हैं और पाश्चुरीकरण की प्रक्रिया के दौरान नष्ट हो जाते हैं। इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि कच्चे दूध का ही सेवन किया जाए।

**एक्सफ़ोलीएटिंग बाथ के रूप में करें इस्तेमाल**

दूध को लंबे समय से ब्यूटी एजेंट के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है और त्वचा के लिए कच्चे दूध के कई फायदे हैं। दूध में लैक्टिक एसिड आपके डेड सेल्स को तोड़ने और इनएक्टिव प्रोटीन को घोलने के लिए जाना जाता है। यह बदले में आपकी त्वचा को एक्सफोलिएट करता है।

इसके अलावा, कच्चा दूध भी आपकी त्वचा को प्रभावी ढंग से शांत कर सकता है। दूध में मौजूद प्रोटीन और वसा त्वचा को मॉइश्चराइज़ कर सकते हैं और त्वचा के रूखेपन को कम कर सकते हैं और रूखी त्वचा को नरम कर सकते हैं।

# हाइपोथायरायडिज्म के कारण वजन कम करने में आ रही हैं दिक्कतें?



एकता

**हाइपोथायरायडिज्म के अन्य लक्षणों को दवाईओं से नियंत्रित किया जा सकता है, मगर महिलाओं को वजन कम करने में सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है।**

महिलाएं जो हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित हैं और अपना मोटापा कम करना चाहती हैं, वह नीचे दी गई डाइट फॉलो कर सकती हैं।

हाइपोथायरायडिज्म, महिलाओं में पाई जाने वाली आम बीमारी हैं। मौजूदा समय में 5 में एक 1 महिला इस बीमारी से पीड़ित है। हाइपोथायरायडिज्म, थायरोक्सिन हॉर्मोन के कम उत्पादन के कारण होता है और हाइपरथायरायडिज्म की तुलना अधिक आक्रामक होता है। हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित महिलाओं को अक्सर ठंड और थकान महसूस होती है और इसके साथ ही उनका वजन भी तेजी से बढ़ने लगता है। एनसीबीआई (ह्रष्टक्चढ्ढ)के अनुसार, हाइपोथायरायडिज्म हमारे मेटाबॉलिज्म को कम कर देता है इसलिए महिलाओं का वजन बढ़ने लगता है।

हाइपोथायरायडिज्म के अन्य लक्षणों को दवाईओं से नियंत्रित किया जा सकता है, मगर महिलाओं को वजन कम करने में सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हाइपोथायरायडिज्म में महिलाओं के लिए वजन कम करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन नामुमकिन नहीं। महिलाएं जो हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित हैं और अपना मोटापा कम करना चाहती हैं, वह नीचे दी गई डाइट फॉलो कर सकती हैं।

फाइबर का सेवन करें- हाइपोथायरायडिज्म की वजह से बढे वजन को कम करने के लिए आप फाइबर युक्त दालों, फलों और सब्जियों का सेवन कर सकती हैं। फाइबर युक्त खानों में कैलोरी की कम मात्रा पाई जाती है, जो अंत में आपके वजन को नियंत्रित करने में मदद करती है। फाइबर युक्त खाने को डाइट में शामिल कर के आप अपने मोटापे को कम कर सकती हैं।

आयोडीन का सेवन करें- हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित महिलाओं को आयोडीन युक्त चीजों का अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। आयोडीन एक आवश्यक खनिज हैं, जो हमारे शरीर में थायराइड ग्लैंड के फंक्शन को प्रभावित करता है। इसलिए आप मछली, नमक, डेयरी, अंडे और अन्य खाने-पीने की चीजों के माध्यम से शरीर में आयोडीन की कमी पूरी करें। इसके सेवन से टीएसएच उत्पादन में वृद्धि होगी और आपका वजन कम हो जायेगा।

ग्लूटेन फ्री खाने का सेवन करें- ग्लूटेन एक प्रोटीन है, जो गेहूं के पौधे और कुछ अन्य अनाजों में पाया जाता है। इसका नियमित सेवन करने से शरीर का वजन बढ़ने लगता है। इसलिए अगर आपको हाइपोथायरायडिज्म की समस्या है और वजन कम करने में दिक्कतें हो रही हैं तो आप ग्लूटेन फ्री उत्पादों सेवन कर सकती हैं।

# कच्चे पपीते के सेवन से महिलाओं को मिलते हैं यह फायदे



मिताली जैन

**कच्चा पपीता आपके शरीर के पाचन में सुधार करने में आपकी मदद कर सकता है। इसमें पपैन जैसे एंजाइम होते हैं जो पाचन के लिए गैस्ट्रिक एसिड के स्राव को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। साथ ही, यह पोषक तत्व हमारे गट बैक्टीरिया का ख्याल रखते हैं और पेट को टॉक्सिन मुक्त रखता है।**

अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए व्यक्ति को डाइट में फलों को अधिक मात्रा में शामिल करने की सलाह दी जाती है। फल विभिन्न पोषक तत्वों के सबसे बड़े स्रोतों में से एक हैं। लेकिन कुछ फल ऐसे हैं जो सिर्फ स्वस्थ खाद्य पदार्थों से कहीं अधिक हैं; उन्हें सुपरफूड कहा जा सकता है। कच्चा पपीता उन्हीं में से एक है। यह पोषक तत्वों का पावरहाउस है और यह पूरे मौसम में उपलब्ध रहता है। यह अपने पोषण मूल्य के लिए जाना जाता है। खासतौर से, अगर महिलाएं इसका सेवन करती हैं, तो इससे उन्हें अतिरिक्त लाभ मिलता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कच्चे पपीते से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदों के बारे में बता रहे हैं-

**पाचन में मदद करता है**

कच्चा पपीता आपके शरीर के पाचन में सुधार करने में आपकी मदद कर सकता है। इसमें पपैन जैसे एंजाइम होते हैं जो पाचन के लिए गैस्ट्रिक एसिड के स्राव को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। साथ ही, यह पोषक तत्व हमारे गट बैक्टीरिया का ख्याल रखते हैं और पेट को टॉक्सिन मुक्त रखता है। अक्सर महिलाओं को पाचन संबंधी समस्याएं अधिक होती हैं, ऐसे में अगर वह कच्चा पपीता खाती हैं तो इससे उन्हें लाभ मिल सकता है।

**लैक्टेशन बढ़ाने में मदद करता है**

अगर आप अभी-अभी मां बनी हैं तो यकीनन आपको ऐसी डाइट लेनी चाहिए तो लैक्टेशन में मददगार हो। ऐसे में कच्चे पपीते का सेवन लाभकारी है। कच्चे पपीते में एक यौगिक होता है जो इसे गैलेक्टागॉग बनाता है, एक ऐसा यौगिक जो नई माताओं में स्तनपान को बेहतर बनाने में मदद करता है। यही कारण है कि आयुर्वेद जैसे कई पारंपरिक वैकल्पिक चिकित्सा विषयों में इसका उपयोग एक नई मां को स्तनपान कराने में मदद करने के लिए किया जाता है।

**वजन कम करने में आपकी मदद करता है**

अगर आप इन दिनों वजन कम करने की जद्दोजहद में जुटी हैं तो कच्चे पपीते का सेवन आपके लिए लाभकारी हो सकता है। कच्चे पपीते में पके फल की तुलना में बहुत अधिक सक्रिय एंजाइम होते हैं। इसमें पाए जाने वाले दो सबसे शक्तिशाली एंजाइम पपैन और काइमोपैपेन हैं। ये दोनों एंजाइम हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन से वसा, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट के टूटने में मदद करते हैं। जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है।

# जानिए क्या है ब्रुक्सिज्म, जिसमें व्यक्ति पीसने लगता है अपने दांत




मिताली जैन

**यूं तो हल्के ब्रुक्सिज्म को उपचार की आवश्यकता नहीं हो सकती है। हालांकि, कुछ लोगों में, ब्रुक्सिज्म गंभीर हो सकता है जिससे जबड़े के विकार, सिरदर्द, क्षतिग्रस्त दांत और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। स्लीप ब्रुक्सिज्म में व्यक्ति जटिलताएं विकसित होने तक इससे अनजान रहता है।**

कई बार व्यक्ति ऐसी कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित होता है, जिसे आमतौर पर काफी हल्के में लिया जाता है। लेकिन यह कभी-कभी बहुत अधिक खतरनाक हो सकती हैं। इन्हीं में से एक है ब्रुक्सिज्मं। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें आप अपने दांतों को पीसते, पीसते या जकड़ते हैं। यदि आपको ब्रुक्सिज्म है, तो आप अनजाने में अपने दांतों को पीस सकते हैं। ऐसा आप जागते हुए कर सकते हैं या फिर नींद के दौरान उन्हें पीस सकते हैं। स्लीप ब्रुक्सिज्म को नींद से संबंधित मूवमेंट डिसऑर्डर माना जाता है। जो लोग नींद के दौरान अपने दांत को भींचते या पीसते हैं, उनमें अन्य नींद संबंधी विकार होने की संभावना अधिक होती है, जैसे खर्राटे लेना और सांस लेने में रुक जाना आदि। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ब्रुक्सिज्म और उससे निपटने के कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

**हो सकता है खतरनाक**

यूं तो हल्के ब्रुक्सिज्म को उपचार की आवश्यकता नहीं हो सकती है। हालांकि, कुछ लोगों में, ब्रुक्सिज्म गंभीर हो सकता है जिससे जबड़े के विकार, सिरदर्द, क्षतिग्रस्त दांत और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। स्लीप ब्रुक्सिज्म में व्यक्ति जटिलताएं विकसित होने तक इससे अनजान रहता है।

**ब्रुक्सिज्म के लक्षण**

ब्रुक्सिज्म होने पर सामान्य लक्षण नजर आ सकते हैं-

- दांत पीसना या दबाना
- दांत जो चपटे, खंडित, चिपके हुए या ढीले हों
- दांत दर्द या संवेदनशीलता में वृद्धि
- तंग जबड़े की मांसपेशियां, या एक बंद जबड़ा जो पूरी तरह से खुला या बंद नहीं होगा - जबड़े, गर्दन या चेहरे में दर्द या दर्द
- दर्द जो कान के दर्द जैसा लगता है, हालांकि यह वास्तव में आपके कान की कोई समस्या नहीं है
- टेम्पल्स में शुरू होने वाला हल्का सिरदर्द - नींद में खलल

**ब्रुक्सिज्म का उपचार**

यूं तो ब्रुक्सिज्म होने पर डॉक्टर द्वारा इलाज करवाया जा सकता है। लेकिन कुछ आसान उपाय इसे मैनेज करने में आपकी काफी मदद कर सकते हैं-

- तनाव को कम करने की कोशिश करें। संगीत सुनना, गर्म पानी से स्नान करना या व्यायाम करना आपको आराम करने में मदद कर सकता है और ब्रुक्सिज्म के विकास के जोखिम को कम कर सकता है।
- रात के खाने के बाद कैफीनयुक्त कॉफी या कैफीनयुक्त चाय न पीएं। शाम के समय शराब से बचें, क्योंकि वे ब्रुक्सिज्म को और खराब कर सकते हैं।
- रात में अच्छी नींद लेने के लिए कुछ अच्छी आदते अपनाएं। एक अच्छी नींद लेने से ब्रुक्सिज्म को कम करने में मदद मिल सकती हैं।

# मक्खन की तरह पिघलेगी चर्बी, बस इन दो चीजों का करें सेवन

मिताली जैन

**अगर आप नेचुरल तरीके से अपना वजन कम करना चाहते हैं तो ऐसे में नींबू के रस और जैतून के तेल को मिक्स करके लिया जा सकता है। हालांकि, इसका सही तरह से सेवन करना बेहद आवश्यक है। आप इसका सेवन सुबह खाली पेट करें।**

आज के समय में अधिकतर लोग अपने बढ़ते वजन के कारण परेशान रहते हैं और उसे कम करने के लिए तरह-तरह की फैन्सी डाइट, दवाई या पाउडर आदि का सेवन करते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से अपने बढ़े हुए पेट व फैट को घटाना चाहते हैं तो ऐसे में आप घर पर ही एक बेहतरीन वेट लॉस ड्रिंक तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको नींबू के रस और ऑलिव ऑयल की जरूरत होगी। तो चलिए जानते हैं इस खास ड्रिंक के बारे में-

अगर आप नेचुरल तरीके से अपना वजन कम करना चाहते हैं तो ऐसे में नींबू के रस और जैतून के तेल को मिक्स करके लिया जा सकता है। हालांकि, इसका सही तरह से सेवन करना बेहद आवश्यक है। आप इसका सेवन सुबह खाली पेट करें। इन दोनों ही इंग्रीडिएंट में एंटीऑक्सीडेंट आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं, जिससे मेटाबॉलिज्म बूस्टअप होता है। इसके लिए आप जैतून के तेल में कुछ बूंदे नींबू के रस मिलाएं और इसका सेवन करें। करीबन आधे से एक घंटे बाद ब्रेकफास्ट करें।

**ऐसे होता है वजन कम**

जैतून के तेल और नींबू के रस से वजन कम करने के लिए बेहद ही प्रभावशाली माना जाता है। दरअसल, इन दोनों ही इंग्रीडिएंट्स में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मददगार साबित होते हैं। जब आप इसका सेवन करते हैं तो आपकी बॉडी जल्द ही लाइट व एक्टिव फील करती है। इसके अलावा, नींबू में मौजूद विटामिन सी शरीर को कार्निटाइन बनाने में मदद करता है। यह कार्निटाइन फैट को ऊर्जा में बदलने में मदद करता है, जिससे धीरे-धीरे फैट बर्न होने लगता है।

**इस बात का रखें ध्यान**

यूं तो नींबू के रस और जैतून के तेल से आपका वजन तेजी से कम होता है, लेकिन फिर भी आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। मसलन, इसका बहुत अधिक मात्रा में सेवन ना करें, अन्यथा आपके दांतों को नुकसान पहुंच सकता है। इसके अलावा, अगर आपको एलर्जी है तो एक बार डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

# सामंथा रुथ की फिटनेस का जानना है सीक्रेट

सामंथा रुथ अपने दिन की शुरुआत में वर्कआउट करना पसंद करती हैं। यह ना केवल कंसिस्टेंसी पैदा करने में मदद करता है, बल्कि आपके मेटाबॉलिज्म को भी बिल्ड अप करता है। इससे आपको पर्याप्त एनर्जी व स्टेमिना मिलता है।

साउथ इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस सामंथा रुथ की फैन फॉलोइंग काफी अच्छी है। वह सिर्फ एक बेहतरीन अदाकारा ही नहीं है, बल्कि फिटनेस फ्रीक भी हैं। अक्सर उन्हें देखकर लोगों के मन में यही ख्याल आता है कि आखिरकार सामंथा इतना अधिक फिट कैसे रह लेती हैं। हो सकता है कि उन्हें देखकर आप भी उनकी तरह फिगर पाना चाहती हों। तो ऐसे में आपको पहले उनके फिटनेस सीक्रेट के बारे में जान लेना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको सामंथा रुथ का फिटनेस सीक्रेट बता रहे हैं-

**सामंथा रुथ एक्सरसाइज से करती हैं दिन की शुरुआत**

सामंथा रुथ अपने दिन की शुरुआत में वर्कआउट करना पसंद करती हैं। यह ना केवल कंसिस्टेंसी पैदा करने में मदद करता है, बल्कि आपके मेटाबॉलिज्म को भी बिल्ड अप करता है। इससे आपको पर्याप्त एनर्जी व स्टेमिना मिलता है। साथ ही, कसरत के बाद की सकारात्मकता आपके साथ पूरे दिन रहती है।

**एरियल योगा करना है पसंद**

यूं तो सामंथा रुथ अपने वर्कआउट रूटीन में कई तरह की एक्सरसाइज को शामिल करती हैं, लेकिन एरियल योगा करना उन्हें काफी पसंद है। वह अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर एरियल योगा से जुड़े वीडियोज शेयर करती हैं। यह ना केवल आपकी बॉडी को टोनअप करने में मदद करता है, बल्कि इससे आपका बॉडी बैलेंस भी बेहतर होता है।

**खानपान का रखती हैं ख्याल**

जब बात फिटनेस की होती है तो लोग केवल एक्सरसाइज पर ही फोकस करते हैं। लेकिन आपका खानपान फिटनेस का एक अहम् हिस्सा है। आप क्या खाते हैं, कब खाते हैं और किस तरह खाते हैं, इसका एक अहम् प्रभाव सेहत पर पड़ता है। सामंथा भी अपनी फिटनेस के लिए पोषण के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करती है। वह अधिकतर प्लांट बेस्ड डाइट लेना पसंद करती हैं। यह कई तरह के विटामिन और मिनरल से भरपूर होती है, जो उन्हें अच्छी तरह से काम करने के लिए आवश्यक ऊर्जा प्रदान करती है।

**ध्यान का लेती हैं सहारा**

उन दिनों जब उनका शरीर आराम मांग रहा होता है, तब वह खुद को रिलैक्स करने के लिए ध्यान और ब्रीदिंग एक्सरसाइज की ओर रुख करती है। यह ना केवल उन्हें बाहर से बल्कि भीतर से भी मजबूत बनाने में मददगार होता है।

- मिताली जैन

## संक्षिप्त समाचार

### अपर एसपी ने किया कस्बे का भ्रमण

**सुमेरपुर।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से अपर पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को देर रात कस्बे का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोमवार को देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने सीओ सदर राजेश कमल व थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज के साथ कस्बे के मुख्य बाजार सहित सभी प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने थानाध्यक्ष को सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने की निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर आरके यादव, कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### मानसिक रुप से विक्षिप्त वृद्धा की कुएं में गिरकर मौत

**राठ।** चिकासी थाने चुरहा गांव में मानसिक रूप से विक्षिप्त वृद्धा की कुएं में गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वृद्धा की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा है।

चुरहा गांव निवासी जगमोहन राजपूत ने बताया कि उसके पास करीब छह एकड़ जमीन है। खेती कर वह परिवार का भरण-पोषण करता है। बताया कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे उसकी 55 वर्षीय पत्नी गंगारानी घर के बाहर बने 100 फीट गहरे कुएं में गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया कि उसकी पत्नी मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। मृतका अपने पीछे एक पुत्र प्रीतम सिंह को छोड़ गई है। चिकासी थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### निधि दिल्ली को हनी कानपुर ने दी जोरदार पटखनी



**सुमेरपुर।** क्षेत्र के मुंडेरा गांव में भुइयांरानी आश्रम में लगे तीन दिवसीय मेले का विशाल दंगल के साथ समापन हो गया। दंगल का शुभारंभ सदर विधायक ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया। दंगल में नामीगिरामी पहलवानों के मध्य रोचक कुश्ती संपन्न हुई। दंगल देखने के लिए आसपास के गांव के ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

प्रतिवर्ष के भांति इस साल भी मकर संक्रांति पर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन भुइयांरानी मंदिर प्रांगण में कराया गया। मेले के आखिरी दिन विशाल दंगल संपन्न हुआ। दंगल का शुभारंभ सदर विधायक डा मनोज कुमार प्रजापति ने पहलवानों के हाथ मिलवा कर किया। अंकुर देवा ने विकेश मथुरा को परास्त किया। रवि आगरा व राधेश्याम बांदा की कुश्ती बराबर पर छूटी। कल्लू इंगोहटा ने सत्यम छानी को हराया। महिला पहलवान निधि दिल्ली को हनी कानपुर ने हराया। वीरेंद्र टेढ़ा व मांगे मथुरा की रोमांचक कुश्ती बराबर रही। बंटी चंडीगढ़ को हुकुम कुसमरा ने पटखनी दी। अलफेज देवा व रवि अलीगढ़, रविंद्र नजरपुर व सोनू मुरादाबाद की कुश्तियां बराबर पर छूट गई। दंगल में 24 से अधिक पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्ती संपन्न हुई। दंगल में रेफरी की भूमिका रामकिशन नन्ना, मुन्ना तिवारी, सूरजपाल सिंह ने निभाई। संचालन सुरेश यादव दपसौरा ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता दिलीप सिंह गौतम, ग्राम प्रधान अनिरुद्ध सिंह,अमोल सिंह, पूर्व प्रधान रामकिशोर यादव आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### भव्य शोभायात्रा के साथ बाला जी मूर्ति का शुरू हुआ पूजन



**सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम चंदपुरवा बुजुर्ग में आगामी 22 जनवरी को इटरा के बजरंगबली आश्रम में होने वाली बालाजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व मंगलवार को गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। चन्दपुरवा बुजुर्ग निवासी राजू सिंह इटरा के बजरंगबली आश्रम में श्री बालाजी महाराज का मंदिर बनवा कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर रहे हैं। मंगलवार को गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बुधवार को पूजन कार्यक्रम प्रारंभ होगा और शनिवार तक चलेगा। रविवार को मूर्ति का गांव भ्रमण कराया जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विशाल भंडारा होगा। शोभायात्रा में इटरा आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद महाराज उर्फ बलराम बाबा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र पाल, मधु सिंह, मनमोहन सिंह,राजू सिंह, भूरी सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### भीषण ठंड के बीच गरीबों को बांटे कंबल

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के सरसई गांव में कड़ाके की ठंड व गलन से बचाव के लिए राजस्व विभाग के लेखपाल व प्रधान ने दिव्यांग, गरीब बुजुर्ग लोगों को चिन्हित कर कंबल वितरित किए।

सरसई गांव में मंगलवार को लेखपाल रमेश निषाद व प्रधान जय देवी प्रजापति ने गांव के चिन्हित दिव्यांग, गरीब बुजुर्गों को चिन्हित कर 35 लोगों को कंबल वितरित किए। वहीं कंबल पाकर सभी के चेहरे में मुस्कान देखने को मिली। इस मौके पर पंचायत सहायक नेहा कुशवाहा, प्रधान प्रतिनिधि रामबाबू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### हिंदू महिलाओं का धर्म परिवर्तन कराने को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**राठ।** हिंदू महिलाओं का धर्म परिवर्तन कराने को लेकर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने प्रभारी तहसीलदार वीरपाल सिंह को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की है।

विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि कस्बे में इसाई धर्म की महिलाओं द्वारा हिंदू महिलाओं को रुपए का लालच देकर धर्म परिवर्तन कर इसाई बनाया जा है। बताया कि कस्बे की एक महिला को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा है। जिसका साक्ष्य उनके पास है। इस मौके सचिन शर्मा, राकेश कुमार, फूल सिंह, नीलेश तिवारी, शिवरतन विश्वकर्मा, खलक सिंह, सत्यनारायण आदि मौजूद रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन की कार्यशाला आयोजित

**मौदहा ।** तहसील सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा ने कोटेदारों के साथ बैठक की।

जिसमें जिला समन्वक प्रेम सिंह कटियार ने कहा कि इसको अभियान के तहत पूरी तैयारी के साथ चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 10 से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा। जिसमें पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, एनआरएलएम विभाग, आपूर्ति विभाग, नोडल अध्यापक, राशन डीलर, प्रधान, पंचायत सहायक, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एसएचजी समूह सदस्यों के माध्यम से जागरूक करेंगे। फाइलेरिया संक्रमण से किसी भी व्यक्ति को संक्रमण के पश्चात बीमारी होने पर पांच से 15 वर्ष तक समय लगता है। तब तक लसीका तंत्र क्षतिग्रस्त हो जाता है। एसडीएम ने कोटेदारों से कहा कि 10 फरवरी को प्रधान, सभासद, अध्यापक, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम आदि के साथ किसी भी पब्लिक प्लेस में लोगों को बुलाकर स्वयं दवा खाकर उद्घाटन करेंगे और सभी लोगों को दवा टीम सामने दवा खिलवाएगी। उन्होंने आगे कहा कि दवा खाने से वंचित परिवारों को संचार के माध्यम से जागरूक करेंगे व ग्राम स्तर पर प्रचार प्रसार के लिए राशन दुकान पर पोस्टर चस्पा करा डुगडुगी कराएंगे।जिससे कोई भी परिवार दवा खाने से वंचित न रहे। इस दौरान 44 कोटेदार बीसीपीएम अब्दुल सफीक, सप्लाई इंस्पेक्टर राजेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# राजस्व व पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के तहत 18 लाख 11 हजार की संपत्ति की कुर्क



*हमीरपुर। चिकासी थाना क्षेत्र के बेंदा डांडा गांव में गैंगस्टर द्वारा लोगों को डरा धमकाकर भय व आतंक से अवैध तरीके से अर्जित की गई 18 लाख 11 हजार रुपये की संपत्ति राजस्व एवं पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर जप्त की है। इस कार्यवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।*

*सोमवार की देर शाम नायब तहसीलदार राम मोहन कुशवाहा एवं थाना चिकासी पुलिस ने बेंदा डांडा गांव जाकर गैंगस्टर एक्ट के अपराधी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल राजपूत के दो ट्रैक्टर व मकान सहित 18 लाख 11 हजार कीमत की संपत्ति जब्त कर मकान में बोर्ड चस्पा किया है। थानाध्यक्ष चिकासी भरत कुमार ने बताया कि पुष्पेन्द्र सिंह गैंगस्टर एक्ट के अपराधी है। वह जनता को डरा धमकाकर अवैध तरीके से धन अर्जित करता है। वह पेशेवर अपराधी है। उसके द्वारा गांव व आस पास क्षेत्र में दहशत व आतंक फैला कर धन अर्जित करते हुए जमीन ली गई है। और मकान का निर्माण कराने के साथ ही अपने व भाई के नाम ट्रैक्टर खरीदे गए हैं। वह अवैध खनन में भी संलिप्त रहा है। उसके विरूद्व थाना चिकासी व थाना जरिया में गैंगस्टर एक्ट,खनिज अधिनियम, गुंडा एक्ट सहित नौ मुकदमे दर्ज हैं। सीओ आशीष यादव का कहना है कि पुष्पेन्द्र सिंह का आपराधिक इतिहास है। उसके विरूद्व कुर्की की कार्यवाही की गई है। पुलिस की इस कार्यवाही से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। थानाध्यक्ष चिकासी भरत कुमार का कहना है कि कुर्की की कार्यवाही कर बोर्ड चस्पा किया है।*

## मकर संक्रांति पर्व पर हुआ खिचड़ी वितरण



**हमीरपुर।** मकर संक्रांति का पर्व शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत ढंग से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्यालय में जगह-जगह खिचड़ी वितरण कराया गया। मकर संक्रांति पर्व के चलते मंगलवार को नगर उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष धीरेंद्र प्रकाश गुप्ता (धीरू) के नेतृत्व में सुभाष बाजार में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बड़े उत्साह के साथ खिचड़ी का आनंद उठाया। इस मौके पर दीपक मिश्रा, जय किशोर गुप्ता, राकेश साहू, रामजी, विजय कमल किशोर, ईशू, हरिदास, अमित गुप्ता, अंजनी गुप्ता, मुकेश ओमर सहित व्यापार मंडल ने मौजूद रहकर सहयोग किया।

## संकल्प यात्रा के जरिए लाभार्थियों को दी जानकारी

**कुरारा।** विकासखंड के झलोखर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ ने पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे। झलोखर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी विनीत गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड आदि के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। पीएम किसान सम्मान निधि व पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सभी विभागों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर लोगों की समस्याओं का निदान किया। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि ललित मोहन शिवहरे, सचिन साहू, आदि उपस्थित रहे।

# भगवान भास्कर सर्दी के आगोश में, ठंड से वृद्ध की मौत

## जिला अस्पताल में ठंड के चलते पसरा रहा सन्नाटा, तीन बच्चे निमोनिया के भर्ती, शीतलहर से कंपकंपाए लोग

**हमीरपुर।** दो दिनों से आधा दिन निकल रहे भगवान भास्कर भी मंगलवार को भीषण सर्दी के आगोश में दिखे। घनघोर बादलों के छाए रहने के चलते सूरज की किरणें भी पृथ्वी तक आने में दोपहर के साढ़े तीन बजा दिए। जो लोगों को कोई खास राहत नहीं दे सकीं। वहीं ठंड के चलते एक वृद्ध की मौत हो गई। जबकि तीन बच्चे निमोनिया से पीड़ित भर्ती मिले। जिला अस्पताल में सारा दिन सन्नाटा पसरा रहा।





सर्दी का सितम कम नहीं हो रहा है। शीतलहर व गलन दिन भर लोगों की कंपकपी छूटाती रही। सर्दी अधिक होने के कारण लोगों ने अलाव का सहारा लिया। शहर में जगह-जगह मुख्य चौराहों व बाजारों में अलाव जलाए गए। दिन भर धूप नहीं निकलने से शहर के मुख्य मार्गों, बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही। शाम होते ही ज्यादातर लोग घरों में दुबक गए। सारा दिन बादल छाए रहे। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 व न्यूनतम 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं जिला अस्पताल में सन्नाटा पसरा रहा। ज्यादातर सर्दी, खांसी व जुकाम के मरीज आए। सुमेरपुर कस्बा के गुरगुज मोहल्ला निवासी राजकुमार ओमर ने बताया कि उसके पिता सरजू प्रसाद ओमर (90) को ठंड लग गई। जिसे दिखाने जिला अस्पताल लाया था। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए। वहीं कुरारा के जल्ला निवासी मंतो देवी (14) को ठंड लग गई। जिसे उसके पिता बिनोद ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि दो बच्चे निमोनिया से पीड़ित भर्ती कराए गए।

वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. आर एस प्रजापति ने बताया कि मंगलवार को मरीजों की संख्या बहुत कम रही। ओपीडी में करीब 200 मरीज देखे गए। बताया कि इस समय भीषण ठंड का प्रकोप है। ऐसे में बच्चों व वृद्धों का विशेष खयाल रखने की जरूरत है। ठंडी चीजों से परहेज करें व गर्म पेय पदार्थ का अधिक सेवन करने की जरूरत है। अधिक समस्या होने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाएं।

**कोहरे से मसूर की फसल हो रही प्रभावित**

मंगलवार का दिन सबसे अधिक सर्द रहने से लोग दिनभर अलाव तापते नजर आए। पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन न होने से पशु पक्षी बेहाल दिखे। कोहरे के कारण फसलों में विपरीत असर पड़ने लगा है। मसूर की फसल पूरे क्षेत्र में कोहरे से प्रभावित हो रही है। बुजुर्गों के अनुसार सर्दी में पिछले 22 वर्षों का रिकॉर्ड इस वर्ष तोड़ दिया है। वर्ष 2001 में 36 दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए थे और मसूर की फसलें पूरे क्षेत्र में चौपट हो गई थी। इस वर्ष पड़ रही ठंड 2001 की ठंड से अधिक है। मंगलवार को गलन से लोग दिनभर ठिठुरते रहे। लोग दिन भर अलाव तापते को मजबूर रहे। दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से पशु पक्षी बेहाल रहे। किसानों का कहना है कि कोहरे से मसूर की फसल में विपरीत असर पड़ा है। फूल पूरी तरह से गायब होने से यह फसल खेतों में पराली की तरह खड़ी है। किसानों को आशंका है कि यह विपरीत मौसम में खराब हो सकती है। इससे नुकसान की आशंका है।

# बजट के अभाव में अटके आयुर्वेदिक अस्पताल के भवन निर्माण

## 90 लाख की लागत से तीन भवन बनाने की तीन माह पूर्व मिल चुकी स्वीकृति

**हमीरपुर।** आयुर्वेदिक अस्पतालों को कायाकल्प करने के लिए तीन भवनों का निर्माण कराया जाना है। प्रत्येक भवन के निर्माण में करीब 30 लाख की लागत आएगी। जिनके निर्माण के लिए शासन ने तीन माह पूर्व स्वीकृति दे दी, लेकिन बजट न मिलने के कारण इनका निर्माण कार्य अटका है। जिम्मेदारों का कहना है कि आगामी मार्च माह तक बजट मिलने की उम्मीद है।

जनपद में कुल 24 राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय संचालित हैं। यहां सीमित संसाधनों में ही मरीजों का उपचार किया जाता है। जिले के ज्यादातर आयुर्वेदिक अस्पताल बदहाली का दंश झेल रहे हैं। वहीं प्रचार प्रसार कम होने के कारण लोगों में जागरुकतरा का भी अभाव है। जिसके चलते इन सेंटरों में मरीज अधिक नहीं पहुंचते हैं। हालांकि अब इन सेंटरों को आधुनिक रुप में विकसित कराए जाने के लिए सरकार प्रयास रत है। पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग ने जिले के छह भवन बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था। जिसमें शासन ने तीन भवन बनाए जाने की स्वीकृति गतवर्ष अक्तूबर माह में दे दी थी। अनुमानित प्रस्तावित लागत एक भवन की 30 लाख बताई जा रही है। इससे तीनों भवनों के निर्माण में शासन 90 लाख की धनराशि खर्च करेगा। हालांकि अभी शासन से बजट न मिलने के कारण इन आयुर्वेदिक अस्पताल भवनों का निमाण कार्य पिछले तीन महीने से अटका पड़ा है।

**इन स्थानों पर बनेंगे नए भवन**

सुमेरपुर ब्लॉक के सुरौली बुजुर्ग गांव में, दूसरा कुरारा के भौली गांव में व तीसरा राठ के अकौना गांव में आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन बनाया जाना स्वीकृति है। जो पुराने भवनों के पास ही सरकारी जमीन में बनाए जाएंगे।

जनपद के तीन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों के पास नए भवनों का निमाण कार्य कराया जाना है। जिनकी तीन माह पूर्व शासन ने स्वीकृति दे दी थी। कहा कि बजट मिलते ही इन भवनों का निमाण कार्य कार्यदायी संस्था शुरू कराएगी। बताया कि आगामी मार्च माह तक बजट मिलने की उम्मीद है।

**डॉ. बलदेव, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी**

# जिले की 14 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने का दावा

## हकीकत की पड़ताल करेगी स्वास्थ्य विभाग टीम, डीएम देंगे प्रमाणपत्र

**हमीरपुर।** सात ब्लॉकों की 14 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने का दावा ब्लॉकों के एडीओ पंचायत द्वारा किया गया है। इसकी हकीकत परखने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम पंचायतों में जाएगी। इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसके बाद आगामी मार्च में डीएम द्वारा सभी को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

शासन से टीबी मुक्त ग्राम पंचायत पर जोर दिया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देश हैं, कि किसी भी ग्राम पंचायत में केवल एक टीबी रोगी है। और उसका इलाज शुरू कर दिया गया है, तो उस ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित कर सकते हैं। 15 दिन पूर्व शासन से एडीओ पंचायतों के पास प्रारूप आया था। जिसमें आबादी सहित जांच व मरीज का विवरण मांगा गया है। एडीओ पंचायत द्वारा सात ब्लॉक की 14 ग्राम पंचायतों को टीबी से मुक्त होने का दावा किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बनाई गई टीम इस दावे की पड़ताल करेंगी। इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जो ग्राम पंचायत टीबी मुक्त होंगी, उन्हें आगामी मार्च माह में जिलाधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

**इन ग्राम पंचायतों से हुआ दावा**

ब्लॉक - ग्राम पंचायत

कुरारा - टोडरपुर

राठ - बरदा, सिकरौधा

मौदहा - भैंसा, सिजनौड़ा

मुस्करा - भुजपुर, भुगैचा

सरीला - बंधौली, तुरना

सुमेरपुर - चंदौखी

गोहांड - जमखुरी, रिहुंटा, लींगा व बीरा

जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि जिले में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें एक मेडिकल अफसर, एक जिला पंचायतराज विभाग का अधिकारी व एक टीबी अस्पताल का कर्मी मौजूद रहेगा। जो शासन के मानक अनुसार जांच कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

## जय मां शीतला ग्राउंड में विराट क्रिकेट टूर्नामेंट

**मौदहा।** इचौली के जय मां शीतला ग्राउंड में विराट क्रिकेट टूर्नामेंट में रतवा रतवा एवं इचौली के मध्य खेला गया जिसमें रतवा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र क्षण किया, इचौली की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में चार विकेट गंवाकर विकास शुक्ला के शानदार 33 रन एवं ऋषि तिवारी के 44 रनों की बदौलत 118 रनों का लक्ष्य खड़ा किया लक्ष्य का पीछा करने उतरी रतवा की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही परंतु लगातार बड़े शॉट खेल कर 11 रन प्रति वर्ष से रन बनाए एक समय मात्र तीन खिलाड़ी बच्चे थे और तीन ओवर में 33 रनों की आवश्यकता थी अंततः अच्छा खेल दिखाते हुए रतवा की टीम ने आखिरी दो गेंद शेष रहते मैच को एक विकेट से अपने नाम किया आशीष के ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समाजसेवी शतीष तिवारी जी की तरफ से दिया गया।कमेंट्रेटर अनुरुद्ध शुक्ला, अनुज बाजपेई पंकज शुक्ला अम्पायर रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में राजा बाबू यादव, कमेटी अध्यक्ष फूलचंद तिवारी, पंकज शुक्ला ऋषि,कमलेश शुक्ला शिवाकांत शुक्ला सोम जी सीराज प्रजापति, जय सिंह यादव ,श्यामू शुक्ला लोग उपस्थित रहे ।

## मोबाइल में गेम खेलने के बाद छात्र फंदे में झूला, मौत

**सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के बांकी गांव में सोमवार को देर शाम मोबाइल में गेम खेलने के बाद कक्षा 11वीं के छात्र ने फंदा लगा लिया। फंदे पर झूलता देखकर परिजनों ने इसको इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बांकी गांव निवासी लेखराम साहू का पुत्र नितिन साहू (17) कस्बे के एक कालेज में कक्षा ग्यारह में पढ़ता था। तीन भाइयों में यह दूसरे नंबर का था। सोमवार की शाम यह मोबाइल पर गेम खेलता रहा। इसके बाद इसने घर पर ही फंदा लगा लिया। फंदे पर झूलता देखकर परिजन इसको फंदे से उतार कर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक छात्र के पिता लेखराम साहू ने बताया कि यह शाम को मोबाइल पर गेम खेल रहा था।वह पत्नी के साथ दूसरे घर में पिता के पास चला गया था। तभी इसने फंदा लगा लिया। जब वह वापस आएं तो उसको फंदे में लटकता पाया। यह घटना को क्यों अंजाम दिया उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि वह कस्बे के एक कालेज में कक्षा 11 का छात्र था।

## सदर विधायक ने छात्र छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन

**हमीरपुर।** जनपद के सिसोलर स्थिति किशनू बाबू शिवहरे महाविद्यालय में सदर विधायक डा मनोज प्रजापति ने छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार की यह एक महत्वपूर्ण तकनीकी योजना, जिसका एक मात्र उद्देश्य युवाओं को तकनीकी दृष्टि से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने ने छात्र छात्राओं को नमो एप के बारे मे विस्तार से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि इस एप से जुडने पर युवाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी होगी। साथ ही प्रधानमंत्री से भी मुखातिब हो सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डा भवानीदीन ने कहा कि युवाओं को युवा विधायक से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज के डिजिटल भारत में तकनीक का बडा महत्व है। कार्यक्रम में प्राध्यापक डा श्याम नरायन, डा लालता प्रसाद, अखिलेश सोनी, आरती गुप्ता, प्रत्यूष त्रिपाठी, देवेन्द्र त्रिपाठी, प्रदीप यादव,गनेश शिवहरे और राजकुमार गुप्ता सहित भाजपा के कई नेता शामिल रहे। संचालन डा रमाकांत पाल ने किया।

## भारतीय जनता पार्टी ने जारी की नए मंडल अध्यक्षों की सूची

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक द्वारा अपने सभी 12 मंडलों के मंडल अध्यक्षों की नई सूची जारी कर दी गई। नाम की घोषणा होते ही सभी मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी देखने को मिली। इन 12 मंडल अध्यक्षों की सूची में पांच मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश आर्य हमीरपुर नगर, चक्रवर्ती शुक्ला सुमेरपुर पश्चिम, अरिमर्दन सिंह सुमेरपुर पूर्वी, अरुण राजपूत सरीला, अजय तिवारी मौदहा पश्चिम पुनः दोबारा इसी पद पर कार्य देखेंगे। जबकि 7 नए मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पाल मौदहा पूर्वी, अनूप सिंह मौदहा नगर, मोहन कुशवाहा कुरारा, शक्ति चौरसिया मुस्करा, सत्यप्रकाश राजपूत राठ ग्रामीण, रामाश्रय राजपूत गोहांड, महेंद्र शुक्ला राठ नगर बनाए गए हैं।

## पुलिस गिरफ्त में आया किराना की दुकान में चोरी करने वाला

**राठ (हमीरपुर)।** किराना की दुकान की दीवार में छेद कर नगदी व सामान चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने माल सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी किये कुछ सामान व कुछ रुपयों को बरामद कर कार्यवाही करते हुए चोर को जेल भेज दिया है।

थाना राठ के इंस्पेक्टर उमेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती शुक्रवार की रात चोर ने नगर के दीवानपुरा मुहल्ला स्थित खजुरिया वाले बाबा की मजार के पास रहने वाले नितेश गुप्ता की किराने की दुकान की दीवार तोड़कर बाईस हजार रुपये की नगदी सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया था। बीती रात पुलिस ने गस्त के दौरान मुहल्ला छोटी जुल्हेटी निवासी रज्जू कारीगर पुत्र श्रीपत कारीगर को कुर्रा रोड नहर बाई पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से पुलिस ने 20 लीटर बाल्टी सरसों तेल एवं 170 रुपये एवं पाँच अदद किसान गुटखा पैकेट, पाँच अदद राजश्री गुटखा पैकेट, पाँच अदद सरसों तेल की 01-01 लीटर लीटर की बोतल, चार अदद गोल्ड फ्लैक सिगरेट की डिब्बी एवं पाँच अदद कैपिस्टन सिगरेट की डिब्बी, चार पैकेट काजू तथा 1080 रुपये बरामद किये है। कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया गया।

## प्रांतीय सचिव का सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी की प्रांतीय कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद मुख्यालय आए पूर्व चेयरमैन का सपाइयों ने सपा कार्यालय में जोरदार जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि उनके प्रांतीय सचिव बनने से पार्टी को पूरे प्रदेश में मजबूती मिलेगी।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हमीरपुर के पूर्व चेयरमैन मुन्नीलाल निषाद को प्रदेश सचिव नामित किया है। मंगलवार को पार्टी कार्यालय आने पर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इनके प्रांतीय सचिव बनने में से पूरे प्रदेश में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष राज बहादुर पाल, नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण यादव, सोनिया सोनी, रामप्रकाश प्रजापति, सुरेंद्र यादव, नीरज कश्यप, रणबहादुर यादव, रामप्रकाश यादव, गोपाल वर्मा, सलीम खान, गया प्रसाद अनुरागी, ज्ञानी यादव, परशुराम प्रजापति आदि सपाई मौजूद रहे।

**दैनिक विश्व परिवार**

संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

(पूर्व अध्यक्ष-राज्य विज्ञापन मान्यता समिति उ.प्र. शासन)

मुद्रक एवं प्रकाशक आलोक जैन द्वारा वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से मुद्रित एवं वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-46, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से प्रकाशित।

सम्पादक : प्रवीण कुमार जैन

स्वात्ताधिकारी : प्रियेश कुमार जैन,

समाचार सम्पादक : डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन

डाक पंजीयन एल. 2-12/516 आर.एन.आई. पंजी. सं. 35394/77

मो.-9450071632, 9415073930

E-mail : dvp.jhs@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### कमलापत कुशवाहा मंडल अध्यक्ष माधौगढ़ बनाए गए



**उरई जालौन।** जनपद जालौन में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कार्यकारिणी घोषित की जिसमें जिला अध्यक्ष द्वारा भरोसा कमलापत कुशवाहा पर जताया गया है माधौगढ़ मंडल अध्यक्ष बनाया। वही मंडल अध्यक्ष चुने गए कमलापत कुशवाहा ने अपनी बात में कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी का एक छोटा कार्यकर्ता हूं। मैं जब से राजनीति की शुरुआत की तब से मैं लगातार भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा हुआ है मैं अपना पूरा जीवन भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित रहूंगा मुझ पर भाजपा की जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने भरोसा जताया है मैं इस पर खरा उतरूंगा भारतीय जनता पार्टी की जो नीतियां है जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। कमलापत कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि 2015 से लगातार मंडल महामंत्री रहे लेकिन जिला अध्यक्ष ने कार्य नीति देखकर मुझे माधौगढ़ मंडल अध्यक्ष बनाया है। मैं भारतीय जनता पार्टी की जो नीतियां है मैं जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा एवं मुझ पर जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने जो भरोसा जताया है मैं उनका तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। कमलापत कुशवाहा माधौगढ़ मंडल अध्यक्ष बनाए गए बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। क्योंकि कमलापत कुशवाहा हमेशा से ही गरीब मजलूम लोगों की मदद करते रहते हैं इनके पास अगर रात को 12 बजे भी किसी ने फोन करके बुलाया तो कोई जाने में परहेज नहीं करते हैं क्योंकि इनकी कार्य शैली से माधौगढ़ की जनता प्रभावित रहती है।



### संपूर्ण भागीदारी यात्रा जिले में 18 जनवरी को लेकर आयेगे राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा

**उरई जालौन।** जन अधिकार पार्टी के मुखिया बाबू सिंह कुशवाहा 18 जनवरी को जिले में संपूर्ण भागीदारी यात्रा लेकर के आएंगे। जानकारी देते हुए बताया पूर्व जेडीसी बैंक के चेयरमैन मंडल अध्यक्ष जन अधिकार पार्टी मूल शरण कुशवाहा ने कहा की जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी का संदेश लेकर पूरे प्रदेश में संपूर्ण भागीदारी यात्रा निकाल रहे हैं। जनपद में यह यात्रा 18 जनवरी को औरैया से शेरगढ़ घाट से जिले की सीमा में प्रवेश करेगी यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा यह यात्रा कुठौंद, ईंटों , गोहन, माधौगढ़ जालौन औरेखी कुकरगांव उरई आटा जोल्हुपुर व कदौरा होते हुए हमीरपुर को प्रस्थान करेगी। पूर्व प्रधान रामजी कुशवाहा ने कहा जन अधिकार पार्टी जातीय जनगणना कराकर जनसंख्या के आधार पर हर क्षेत्र में हिस्सेदारी का संकल्प लिया है और करके भी दिखाऊंगा। वहीं पूर्व मंडल प्रभारी सुंदर सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा उत्तर प्रदेश के एक जननायक नेता है उन्होंने सर्व समाज के लिए उत्तर प्रदेश में लोगों का काफी भला किया है उत्तर प्रदेश की जनता के लिए बेहतर विकल्प होगा कि जन अधिकार पार्टी की सरकार बनाएं। जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में जिले के नेताओं की पूर्ण तैयारी हो चुकी है 18 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा का भव्य स्वागत किया जाएगा इसका संदेश पूरे उत्तर प्रदेश जाएगा।

### घने कोहरे में खड़े ट्रक में कार ने मरी टक्कर, इकलौते पुत्र की हुई मौत

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी दिलाबर खां (30) पुत्र मोहम्मद शाकिर अपने साथी आकाश निवासी कुसमरा, नफीस खान उर्फ काजू निवासी मोहल्ला रापटगंज, सतीश कुमार रामपुरा के साथ सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे कार से उरई की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार कुकरगांव के पास पहुंची तो घने कोहरे में कार चालक दिलाबर आगे खड़े ट्रक को नहीं देख सका और उनकी कार पीछे से ट्रक में जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि सतीश कुमार को मामूली चोटें आईं। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया। जहां दिलाबर खान की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तत्काल मेडिक्ल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। जबकि नफीस व आकाश का वहीं इलाज चल रहा है। उधर, झांसी ले जाते समय रास्ते में ही दिलाबर की मौत हो गई। गांव के लोगों ने बताया कि दिलाबर पांच बहिनों में इकलौता भाई था। सभी बहिनों की शादी हो चुकी है। दिलाबर के पिता व मां दोनों महाराष्ट्र में रहकर काम धंधा करते हैं। पुत्र की मौत की सूचना उनके पिता को दे दी गई।

### रास्ते को लेकर दो होटल संचालक में हुआ विवाद

**उरई जालौन।** जनपद जालौन के उरई डिपो बस स्टैंड पर दो होटल संचालक के बीच रास्ते को लेकर विवाद हो गया जिसमें दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। अर्पण शुक्ला पुत्र संतोष कुमार , व आशीष शुक्ला पाठक का बगीचा नया रामनगर उरई ,दूसरा पक्ष सुरेंद्र कुशवाहा पुत्र लक्ष्मी कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा कोच बस स्टैंड नया पटेल नगर उरई जिसकी सूचना पुलिस चौकी को लगी तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को अपनी हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। उसके बाद दोनों पक्षों के 151 में चालान कर दिए गए हैं।

### पत्नी की मौत से गमजदा पति ने फांसी लगाई, मौत

**बांदा।** सात माह पहले डिलेवरी के दौरान पत्नी की मौत हो जाने से युवक गुमशुम रहने लगा। सोमवार की रात को उसने कमरे के अंदर गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव फंदे पर लटकते हुये देखा तो चीख-पुकार मच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

देहात कोतवाली के जौरही गांव निवासी राजा विश्वकर्मा (35) पुत्र दयाराम की पत्नी अर्चना गर्भवती थी। सात महीने पहले डिलेवरी के दौरान पत्नी की मौत हो गयी। उसने मासूम नवजात बच्चे को जन्म दिया था। पत्नी की मौत हो जाने के बाद राजा विश्वकर्मा गुमशुम रहने लगा। सोमवार को राजा विश्वकर्मा ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और छप्पर की धन्नी गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई भूरा जब खाना देने के लिए कमरे पर गया तो दरवाजा बंद था। किसी तरह दरवाजा खोलकर अदंर देखा वहां राजा का शव फंदे पर लटक रहा था। यह देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक सवार युवक की ट्रक के टक्कर से मौत

**बांदा।** शहर एक बाइक एजेंसी में काम करने के बाद बाइक से अपने घर जा रहे युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। वहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने कागजी कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पैलानी थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी राजेंद (35) पुत्र जगतपाल शहर में एक बाइक एजेंसी मे काम करता था। सोमवार की शाम को काम खत्म करने के बाद बाइक से राजेंद्र अपने घर जा रहा था, तभी बिजलीखेड़ा के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार जख्मी हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज भेज दिया गया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक के छोटे भाई दिनेश ने बताया कि राजेंद्र अपने पीछे एक पुत्र और पत्नी ज्ञानदेवी छोड गया है। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ

*उरई जालौन। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का मंगलवार को शुभारम्भ किया। सौरभ कुमार, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) की उपस्थिति में कार्यालय परिसर उरई में प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। आमजनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति उत्साह रहा। रैली के दौरान सड़क सुरक्षा जागरुकता के नारे लगाये गये व सभी लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक किया गया।*



*राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दिनाँक 15 जनवरी, 2024 से 14 फरवरी, 2024 तक मानए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम अवधि में ''दो पहिया वाहन चालकों (सहयात्री सहित) हो हेलमेट पहने हेतु तथा जनपद के प्रमुख चौराहों,स्थानों पर मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार प्रवर्तन की कार्यवाही, ट्रकों एवं ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाने की कार्यवाही, मार्ग प्रयोक्ताओं, स्कूली बच्चों, वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन करने, दुघर्टना में घायल व्यक्ति की सहायता करने (गुड सेमेरिटन) हेतु विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाना, जिला सड़क सुरक्षा की बैठक का आयोजन, ब्लैक स्पॉट एवम् दुघर्टना बाहुल्य क्षेत्रों का चिन्हीकरण, ईआधार (आईरेड ) पर दुघर्टनाओं के आँकड़ों की फीडिंग किया जाना तथा दुघर्टनाओं को कम किए जाने हेतु नीति निर्धारण किया जाना'' सम्पादित किया जाएगा। ''राष्टीय सड़क सुरक्षा माह'' जागरुकता अभियान के तहत शासनादेश के अनुसार विभिन्न प्रमुख अभियोगों के अर्थदण्ड निर्धारित किये गए है।*

*बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र प्राप्त किए वाहनों का संचालन करने के अभियोग में अर्थदण्ड रु 10,000/- है। मॉडिफाइ साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने के अभियोग में अर्थदण्ड रु010,000/- है। बिना बीमा के वाहन का संचालन करने के प्रथम अभियोग में अर्थदण्ड रु 2000/- है तथा द्वितीय अभियोग में रु0 4000/- बिना सीट बेल्ट के वाहन का संचालन करने के अभियोग में अर्थदण्ड रु 1000/- है। बिना हेल्मेट के वाहन का संचालन करने के अभियोग में अर्थदण्ड रु 1000/- है। बिना एच.एस.आर.पी. के वाहन का संचालन करने के प्रथम अभियोग में अर्थदण्ड रु 5000/- तथा द्वितीय अभियोग में 10,000/- है। बिना रिफ्लेक्टर टेप के वाहन का संचालन करने के अभियोग में रु 10,000/- है।*

*इस अवसर पर राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय दल, वीर बाहदुर सिंह, प्रभारी यातायात, नरेश कुमार वर्मा, रेड क्रास सोसाइटी उरई, अलीम सर, समाज सेवी, शहर के गणमान्य व्यक्ति, आमजनमानस व समस्त स्टाफ के लोग उपस्थिति रहे।*

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**कोंच जालौन।** बिकास खण्ड कोंच के ग्राम चमेड में दिन मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बादाम कुशवाहा वरिष्ठ अतिथि विकास पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान मुख्य अतिथि ने बोलते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि जन सामान्य को जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिया जाए और प्रत्येक ग्राम को संतृप्त किया जाए वहीं मुख्य अतिथि ने आवास व शौचालय योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया वहीं मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में विकसित भारत निर्माण की शपथ दिलाई और उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समूहों में जोड़कर उन्हें आत्म निर्भर बनाते हुए बचत के लिए प्रेरित करना और उनके द्वारा बनाये गए उत्पादों को बाजार से जोड़ते हुए अपनी शाख बढाने का अवसर प्रदान करना और उन्हें कर्ज की सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए तमाम योजनाओं से जोड़ने का आह्वाहन किया इस अवसर पर एडीओ पंचायत नरेश चंद्र दुवेदी सचिव वसीम खान ग्राम प्रधान चमेड हनुमान सिंह कुशवाहा प्रधान असूपुरा कन्हैया लाल वर्मा प्रधान कुदारी विनीत कुमार राठौर प्रधान हीगूटा अजीत सिंह कूड़ा प्रधान प्रतिनिधि पप्पू ठेकेदार बरोदा कला प्रधान अयोध्या प्रसाद कुदरा बुजुर्ग प्रधान रविन्द्र प्रताप सिंह बोहरा प्रधान प्रतिनिधि रामबिहारी पटेल प्रधान भंडारी गोपाल दास बाबू लेखपाल कृषि विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग आदि ने अपने स्टोल लगा कर लोगों को लाभ दिया ओर इस मौके पर गांव के दर्जनों ग्रामीणजन मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन किया भूपेन्द्र सिंह कुशवाहा ने किया।

## लोक सभा चुनाव में भाजपा को नए चेह्रे की तलाश

◆ **70 वर्ष की उम्र सीमा व तीन वार से अधिक चुनाव लड़ने वालों को नहीं मिलेगा टिकट**

**उरई जालौन।** भाजपा जालौन, गरौठा, भोगनीपुर लोक सभा सीट से नए चेहरे की तलाश में है। क्योंकि भापजा शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि तीन बार लोक सभा का चुनाव लड़ने वाले व 70 वर्ष की उम्र के सांसदों के स्थान पर अब नए व युवा चेहरों को मौका दिया जाएगा। हांलाकि भाजपा 22 जनवरी के बाद चुनावी मोड में आएगी, और जनवरी के अंतिम या फरवरी के पहले सप्ताह में अपने प्रत्याशियों की घोषण शुरु कर देगी। इसके चलते यह माना जा रहा है कि जिले से किसी युवा पर भाजपा दांव लगा सकती है।

आम चुनाव में अभी दो माह का समय शेष है, लकिन अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा सक्रिय रुप से चुनावी मोड आ जाएगी। भाजपा के सूत्रोंमानें तो पार्टी ने पहले ही अपना फार्मूला तैयार कर लिया है। इसके तहत जनवरी के अंतिम या फरवरी के पहले सप्ताह में भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करेगी। जिसमें 164 चुनौतीपूर्ण सीटों की घोषणा शामिल है। इनमें वे सीटें शामिल होगी जहां भाजपा कभी नहीं जीती या केवल एक या दो प्रतिशत मतों के अंतर से जीती। इसमें 31 ऐसी सीटें भी शामिल हैं जहां भाजपा ज्यादा मेहनत करने वाली। इतना ही नहीं इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ग्रहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नामों की घोषणा भी इसी में शामिल है। क्योंकि इनके नामों की घोषणा होते ही इनके आस पास की कई सीटों पर इसका प्रभाव पड़ेगा। सूत्रों से मिली खबरों के अनुसार इसके साथ ही भाजपा ने 80-80 सीटों की सी और डी कैटागरी में बांटा है। इन सीटों को जिताने की जिम्मेदारी 45 मंत्रियों को दी जा रही है। वहीं इस बार 70 वर्ष से अधिक उम्र व तीन बार चुनाव जीतने वाले नेताओं के स्थान पर नए व युवा चेहरों को मैदान में उतारा जाएगा। वर्तमान सांसद भी लगभग 70 वर्ष की मंत्रियों को दी जा रही है। वहीं इस बार 70 वर्ष से अधिक उम्र व तीन बार चुनाव जीतने वाले नेताओं 1 के स्थान पर नए व युवा चेहरों को मैदान में उतारा जाएगा। वर्तमान सांसद भी लगभग 70 वर्ष की उम्र के आसपास हैं। इतना ही नहीं वे सात बार लोक सभा का चुनाव लड़कर पांच बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि जालौन, गरौठा, भोगनीपुर सीट से प्रत्याशी बदल कर भाजपा नए व युवा चेहरे पर दांव लगा सकती है।

## एट पुलिस ने अबैध 21 हजार किलो मांस बरामद किया



**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देश अनुसार जिले में चल रहे चेकिंग अभियान में मुखबिर की सूचना पर थाना एट पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एट टोल प्लाजा के पास एक ट्रक कंटेनर में 21 हजार किलो संदिग्ध मांस बरामद हुआ था तथा प्रपत्रों की जांच में फर्जी कूट रचित दस्तावेज एवं अवैध तरीके से परिवहन कर ले जाया जाना पाया गया था। पूंछताछ के दौरान कंटेनर चालक ने बताया कि उसके द्वारा उक्त मांस जगदीश कोल्ड स्टोरेज नयी दिल्ली से लाया गया है तथा हैदराबाद ले जाया जा रहा है । ड्राईवर द्वारा पूछ ताछ में बताया उक्त कंटेनर में फिश फूड लदा होना अंकित था एवं जगदीश कोल्ड स्टोरेज नयी दिल्ली से लोड होना अंकित पाया गया था । प्रपत्रों में फिश फूड अंकित होने एवं कंटेनर को खोलकर चेक करने पर अंदर संदिग्ध मांस पाये जाने पर उक्त प्रकरण की गहराई से छानबीन की गयी तो उक्त संदिग्ध मांस किशनगंज बिहार से आना प्रकाश में आया तथा ड्राईवर द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रपत्र कूट रचित एवं फर्जी पाए गए । अतः उक्त वाहन को कब्जा पुलिस में लेते हुए थाना स्थानीय में मुकदमा संख्या 210/23 धारा 420,467,468,471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर संदिग्ध मांस को पशु चिकित्साधिकारी द्वारा सैंपलिंग कराकर परीक्षण हेतु भेजा गया था । परीक्षण रिपोर्ट में गोमांश की पुष्टि हुयी है । जिसके सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमें में धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम तथा धारा 34 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी है । अभियुक्त नवीन कुमार पुत्र रूप लाल मेहता नि0 ग्राम बाह थाना भराड़ी जनपद विलासपुर हिमांचल प्रदेश को दिनांक 21 दिसंबर को अभियुक्त युसुफ पुत्र इस्माइल हक निवासी मकान न0-01 प्रथम तल ब्रजपुरी एक्सटेंशन खुर्जी लक्ष्मीनगर परवाना रोड दिल्ली को दिनांक 22 दिसंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । न्यायालय से गौमांश के निस्तारण की अनुमति प्राप्त कर नियमानुसार जमीन में दफन करा दिया गया है ।



## दुबई फन फेयर उरई महोत्सव मोदी ग्राउंड में आयोजित हो रही है

**उरई जालौन।** उरई जालौन के मुख्यालय उरई में कोच रोड मशहूर मोदी ग्राउंड में उरई महोत्सव दुबई फन फेयर के नाम से प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है जिसमें रोजाना 5 हजार से अधिक लोगों की संख्या में लोग मेला का आनंद उठाने आते हैं। जानकारी देखकर मेल मैनेजर संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि रोजाना हमारे यहां हजारों की संख्या में दर्शन प्रदर्शनी देखने आते हैं और भरपूर आनंद उठा रहे।गणतंत्र दिवस पर एक ऑफर दिया है जिसमें गेट एंट्री 20 रुपए की जगह 10 रुपए होगी। एक जाने माने यूट्यूबर कलाकार रॉकी गिल द्वारा बच्चों की प्रतिभाह को निखारते हैं जिसमें डांसिंग सिंगिंग कराकर उनको सम्मानित प्रमाण पत्र एवं झूल्हे के पास सम्मान के रूप में दिए जाते हैं। प्रदर्शनी मलिक नीरज नगरिया ने बेहतरीन व्यवस्था की है जिसमें चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे निगरानी करते हैं इतना ही नहीं बाहन स्टैंड सहित सुरक्षा के प्रबंध किए हुए हैं। प्रदर्शनी मालिक नीरज नगरिया ने जनता से अपील करते हुए कहा की मोदी ग्राउंड में दुबई थीम फन फेयर के नाम से उरई महोत्सव मेला का आयोजन किया जा रहा है जिले की जनता इसमें जाकर भरपूर आनंद उठा सकते हैं हमारे यहां रोजाना 5 हजार से अधिक लोगों की भीड़ होती है।

## रिटायर्ड कैप्टन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर लगाई न्याय की गुहार



**उरई जालौन।** रिटायर्ड कैप्टन मास्टर सिंह ने ज्ञापन देते हुए अपनी जीवनी भी जिलाधिकारी को सुना डाली भारतीय सेवा में 1960 में भर्ती हुआ था और 1990 में 30 साल सेवा देने के बाद पेंशन पर आ गया। उसी दरमियान चार- चार युद्ध में हिस्सा लिया था 1962 में चीन,भारत में 1964 में कक्ष ऑपरेशन में 1965 में पाकिस्तान युद्ध में 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में हिस्सा लिया था इस दरमियान कई मेडलो से सम्मानित भी हुआ था मेरे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कोमेडशन कार्ड से भी सम्मानित किया गया इसके बावजूद यहां शांति और सम्मानपूर्ण जीवन यापन कठिन हो रहा है। जिलाधिकारी को अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि माधौगढ़ थाना निवासी आशीष कुमार उर्फ भूरा निवासी गोहनी राजपुरा पर मेरी पुत्री के नाम पेट्रोल पंप है जहां पर फर्जी झूठी खबरें प्रकाशित सोशल मीडिया पर करता रहता है और आए दिन पैसे की मांग करता है आरोप लगाते हुए बताया कि मैंने कई बार उसको रुपए दिये जिसका मेरे पास वीडियो भी है। मैने जब महीने पर रुपए देने से मना कर किया तो गलत खबरें सोशल मीडिया पर प्रकाशित करना शुरू कर दिया। रिटायर्ड फौजी ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त तथाकथित पत्रकार आशीष कुमार से बात की तो उसने फोन पर कहा कि मैं पत्रकार हूं ऐसे ही पेट्रोल पंप वालों से 10 हजार मासिक शुल्क वसूलता हूं।अगर मासिक शुल्क नहीं दोगे तो हम तुम्हारे पंप के खिलाफ हमेशा ही खबरें सोशल मीडिया पर डालता रहूंगा तब मैनेजर शैलेंद्र ने उक्त पत्रकार को शुल्क देना स्वीकार कर लिया उक्त सूचना की जानकारी अपने मैनेजर के द्वारा थाना गोहन में भी सूचित कर दिया था दिनांक 5 जनवरी को पेट्रोल पंप पर पैसा देने के लिए बुलाया जिस पर वह 5 जनवरी को समय 6 बजे शाम को अपने साथी शिवम पुत्र अटल दोहरे निवासी गिरंदेकापुरा थाना माधौगढ़ के साथ आया और पत्रकार आशीष कुमार ने शिवम को 10 हजार दिलाए जाने से पहले आशीष कुमार पत्रकार ने हमारे पंप के सभी कैमरे बंद करवा दिए थे। परंतु हमारे सेल्समैन गौतम ने पैसा लेते समय का वीडियो बना लिया था पैसे लेने के बाद पत्रकार आशीष कुमार ने शिवम को वहां से भगा दिया तथाकथित पत्रकार आशीष कुमार 10 हजार की और मांग करने लगा तब हमारे सेल्समैन गौतम ने उक्त घटना की जानकारी 112 नंबर पर दी जिस पर 112 नंबर पुलिस आई और आशीष कुमार को थाना ले गई उक्त घटना के सभी प्रमाण मेरे पास है ।तथाकथित आशीष कुमार ने अपने प्रभाव से हमारे पुत्र एवं हमारे दो कर्मचारियों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट थाने में दर्ज करवा दी तथा हमारे पंप मैनेजर ने प्रार्थना पत्र दिया था उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई रिटायर्ड कैप्टन मास्टर सिंह ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए ज्ञापन दिया। जिस पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने आश्वासन देकर बताया कि आपको पूर्णता न्याय मिलेगा एक बार जांच करने के बाद क्या सच्चाई है उस पर कार्रवाई अमल पर लाई जाएगी ।जिसमें पूर्व सैनिक कैप्टन महेंद्र सिंह, कैप्टन गंगाराम पाल, सूबेदार रूपरामपाल,सूबेदार अयोध्या प्रसाद, सूबेदार हरदत्त सिंह भदोरिया, सूबेदार मेजर भूरे सिंह चौहान, हवलदार जयदेव सिंह अन्य सैनिक मौजूद रहे।

## एसओजी सर्विलांस एवं संयुक्त जालौन पुलिस ने टप्पेबाज अभियुक्त को गिरफ्तार किया



**उरई जालौन।** जनपद में विगत दिनों थाना कदौरा क्षेत्र मे चलती बस में बैग से आभूषण आदि चोरी की घटना हुई थी जिसमें ये घटना कारित करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के साथ 31 दिसंबर को पुलिस मुठभेड़ हुई थी जिसमें 6 अभियुक्तों को गिरफ़्तार किया गया था । तथा कुछ अभियुक्त भागने में सफल रहे थे । जिनकी जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी । इसी क्रम में आज दिनांक 16 जनवरी को मुखविर की सूचना पर एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना आटा पुलिस द्वारा सयुंक्त रूप से टोल के पास चेकिंग की जा रही थी । चेकिंग के दौरान बाइक सवार शातिर अभियुक्त को रोकने का प्रयास किया गया तो भागने का प्रयास करते हुए बीजापुर मोड़ पर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फ़ायरिंग की गई।जिसमें टीम बाल बाल बची । आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवावी फ़ायरिंग की गई जिसमे एक वांछित शातिर अंतर्जनपदीय अभियुक्त गोली लगने से घायल हुआ ।अभियुक्त के पास से अवैध असलाह ज़िंदा व खोखा कारतूस ,बाइक आदि सामान बरामद हुए। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया ।।।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्त द्वारा जनपद जालौन व आस पास के कई जनपदो में बसों से इसी तरह चोरी की घटना क़ारित करना बताया गया जिसकी संबंध में जानकारी की जा रही हैं।

**नाम पता गिरफ़्तार अभियुक्त**

रशीद मंसूरी पुत्र सईद मंसूरी निवासी ग्राम दलेल नगर थाना अजीतमल जनपद ओरैया मूल पता छानी रोड सिरसकलार थाना जनपद जालौन उम्र 28 बर्ष है। गिरफ्तार करने वाली टीम आटा थाना पुलिस एवं कदौरा थाना पुलिस एसओजी प्रभारी टीम सहित सर्विलांस टीम जनपद जालौन द्वारा टप्पेबाजो का भंडाफोड़ किया गया।

## राष्ट्रीय एवं प्रदेशीय नेताओं की अगुवाई में कांग्रेस जनों ने निकाली पांच किलो मीटर न्याय यात्रा

◆ **जननायक राहुल गांधी के द्वारा मणिपुर में प्रारंभ की गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तर्ज पर शहर में निकाली गयी यात्रा**



**उरई (जालौन)।** भारतीय राष्टीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं भारतीय राष्टीय कांग्रेस के महासचिव अविनाश पांडेया प्रभारी उत्तर प्रदेश के आवाहन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड जोनल प्रभारी संजीव दरियाबादी पूर्व विधायक एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जनपद जालौन प्रभारी राहुल रिछारिया के सानिध्य में शहर कांग्रेस कमेटी उरई एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों के द्वारा जननायक राहुल गांधी के द्वारा मणिपुर में प्रारंभ की गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तर्ज पर मांहिल तालाब उरई से 5 किलोमीटर की भारत जोड़ो न्याय मशाल यात्रा निकाली गई। यह न्याय यात्रा देश बद रहे महिलाओं के साथ अत्याचार बलात्कार बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी किसान विरोधी, संसद में मनमानी तरीके से आम जनमानस के विरोध मैं कानून लागू करने वाली सांप्रदायिकता का वातावरण बनाने वाली तानाशाह मोदी सरकार के विरोध में देश की जनता को न्याय दिलाने के लिए जननायक राहुल गांधी ने यह न्याय यात्रा निकाली है।

इस अवसर पर डॉक्टर रेहान सिद्दीकी अशोक दुवेदी, अयूब अंसारी, अरविंद सिंह सेंगर, सुरेश दीक्षित, राजकुमार वर्मा, लालू शेख, चौधरी श्याम सुंदर, बृजेश पांडेया, देशराज वर्मा, गुलाब खान, हसीब भाई, जमुना दास अहिरवार, मुन्ना खान मंसूरी, रामाशंकर यादव, सोहन, मजार खान, दुलीचंद विश्वकर्मा, नरेंद्र प्रजापति भागे, ऋषि ओझा, साहिल, शिवा, सिद्धार्थ दीवोलिया, चौधरी श्याम सुंदर, योगेंद्र सिंह जादौन, शिवम सिंह, शमीम खान, सुरजी श्रीवास्तव, शेर सिंह दोहर, कासिम मंसूरी, केके गाहोई, अमित पांडेया, डॉक्टर हेमंत रिछारिया, माता प्रसाद सभासद वार्ड नंबर-7, सलमान कुरेशी, शब्बीर अंसारी, मुख्तार खान, राहुल वाल्मीकि, श्रीमती शकुंतला पटेल आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# कांपी झांसी, बर्फीली हवाओं से कंपकंपायी जिन्दगी

- घने कोहरे तथा शीतलहर ने सामान्य जन-जीवन किया अस्त-व्यस्त
- ठिठुरते हुये स्कूलों को जाते दिखे नन्हें-मुन्ने



**झांसी(विश्व परिवार)।** पिछले दो दिनों घने कोहरे और शीत लहर के कारण झांसी में ठंड लगातार बढ़ रही है। तापमान भी काफी नीचे लुढ़क गया है। मंगवार की बात करें तो इस दिन सबसे अधिक ठंड प्रतीत हुई है। ऐसे में स्कूल खुले होने के कारण छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने को मजबूर हैं। अस ओर अभी तक न तो स्कूल प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही जिला प्रशासन।

बताते चलें कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम 6 से 7 डिग्री है। सुबह घना कोहरा और शीत लहर ने ठंड बढ़ा दी है। हालांकि दोपहर के समय कुछ घंटों के लिए हल्की धूप निकल आई थी, जिसने ठंड से कुछ राहत दी, लेकिन जैसे-जैसे शाम हुई, शीत लहर अधिक चलने लगी और ठंड भी अचानक बढ़ गई। शाम के समय तापमान भी तेजी से लुढ़क गया। सड़कों पर चलने वाले राहगीरों का प्रयास रहा कि ठंड से बचने के लिए वह समय पर अपने-अपने घर पहुंच जाएं। वहीं क्षेत्रवासियों का कहना है कि जिस प्रकार ठंड पड़ रही है उसे जिला प्रशासन को देखना चाहिए। जिला प्रशासन को छोटे-छोटे बच्चों पर रहम करना चाहिए और स्कूलों संचालकों को आदेशित करते हुए छुट्टी कर देना चाहिए, जिससे बच्चे बीमारी से बच सकें।

## कुख्यात राशिद कालिया एनकाउंटर की जांच के लिये पहुंची फोरेंसिक टीम, मुठभेड़ का किया गया रिक्रिएशन

- लखनऊ से आयी टीम ने की जांच
- नवम्बर माह में मऊरानीपुर इलाके में हुआ था इनामिया बदमाश राशिद कालिया का एनकाउंटर



**झांसी(विश्व परिवार)।** नवम्बर माह में झांसी के मऊरानीपुर में कुख्यात और इनामिया बदमाश राशिद कालिया को एनकाउंटर में ढेर किया गया था, जिसकी जांच करने के लिए लखनऊ से विधिन विज्ञान की टीम झांसी पहुंची। टीम ने एनकाउंटर स्थल पर रिक्रिएशन कर साक्ष्य जुटाए।

मालूम हो कि राशिद कालिया शार्प शूटर अपराधी था। उस पर झांसी और कानपुर में कई अपराधिक मामले दर्ज थे। उत्तर प्रदेश की एसटीएफ टीम को उसकी काफी दिनो से तलाश थी। उस पर सवा लाख रुपए का इनाम भी घाषित था। एसटीएफ को जानकारी हुई थी कि राशिद कालिया झांसी के मऊरानीपुर में है। सूचना को गम्भीरत से लेते हुए एसटीएफ की टीम बताए गए स्थान पर पहुंची और 18 नवंबर को मुठभेड़ के दौरान उसे मार गिराया था, जिसकी जांच करने आज विधि वैज्ञानिकों की टीम पहुंची थी।

## 20 वर्षीय नौजवान ने खत्म कर ली जिन्दगी

**झांसी।** महोबा जिले में 20 वर्षीय एक लड़के ने विषाक्त खा लिया। उसकी उपचार के दौरान झांसी मेडिकल कालेज में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और कार्यवाही शुरु कर दी।

मृतक का नाम करीब 20 अजय पुत्र रामकिशोर बताया गया। वह महोबा जिले के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के रहने वाला था। वह अविवाहित था। परिजनों के मुताबिक वह मानसिक रुप से बीमार रहता था। न जाने वह विषाक्त कहां से लेकर आया और उसने उसे खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए झांसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मायके से नहीं आ रही थी पत्नी, सो पति ने लगा ली फांसी

**झांसी(विश्व परिवार)।** पत्नी के मायके से न आने के कारण परेशान पति ने खेत पर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि 6 माह पहले पत्नी ने पति को मायके से चप्पल मारकर भगाया था, तभी से परेशान रहता था। मृतक का नाम 30 वर्षीय धर्मेन्द्र बताया गया है। वह चिरगांव थानान्तर्गत दबरा बुजुर्ग का रहने वाला है। वह दो भाई है। दोनों अलग-अलग रहते हैं। उसका एक बेटा भी है। करीब एक साल पहले पत्नी बेटे को लेकर अपने मायके चली गई, इसके बाद लौटकर वापस नहीं आई।

धर्मेन्द्र ने उसे बुलाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह वापस नहीं आई। यहां तक कि 6 माह पहले जब वह उसे लेने मायके गया हुआ था, तो उसे चप्पल मारकर भगा दिया था, जिस कारण वह परेशान रहता था और शराब पीने ने लगा। वह खेत पर ही रुकता था, जहां उसने फांसी लगा ली। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## किसान दिवस 18 को

**झांसी।** उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया है कि किसान दिवस प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार झांसी में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। उक्त के क्रम में यह आयोजन 18 जनवरी को होगा।

## स्टेशन पर बड़ा हादसा टला, शंटिंग के दौरान ट्रेन डेड एंड तोड़कर स्टोर रूम से टकरायी



**झांसी(विश्व परिवार)।** वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शंटिंग के दोरान सवारी गाड़ी डेड एंड तोड़ते हुए स्टोर रुमें टकरा गई, जिससे वहां हड़कम्प मच गया। गनीमत रही कि इस दौरान वहां कोई नहीं था। यह घटना वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 7 के पास बने यार्ड की है, जहां एक सवारी गाड़ी की शंटिंग हो रही थी। शंटिंग के दौरान ट्रेन वहां बने डेड एंड को तोड़ते हुए स्टोर रुम से टकरा गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और दुघर्टना राहत कार्य शुरु कर दिया। यहघटना कैसे हुई, इसका पता लगाया जा रहा है। साथ ही लापरवाह कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए भी कहा गया।

# रामलला विराजमान की निकाली शोभा यात्रा





**झांसी।** बुन्देलखण्ड अग्रवाल नवयुवक मण्डल समिती, झांसी के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल (साड़ी म्यूजियम) व महामंत्री सुशील अग्रवाल (डिप्टी सीटीआई) के नेतृत्व में श्री रामलला विराजमान जी की शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के संरक्षक श्री अरविन्द जी, रमेशजी, गोपालजी, जानकीजी, कैलाश नारायण जी, गोपाल जी (बैंक), रामप्रकाश जी ने महाराजा अग्रसेन जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल (पोस्ट आफिस) व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप गर्ग ने समस्त अग्रबंधुओं पर पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा में अग्रवाल समाज के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ निवर्तमान अध्यक्ष पंकज (मिठाई) व महामंत्री मनोज (नमकीन) ने अपनी दुकान पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिंकू, सोहित, आनन्द, गौरव, सचिन, राजेश, राजू, गोलू अंकित प्रवीण आदि उपस्थित रहे। वहीं महिला मंडल से अध्यक्ष श्रीमती सरोज अग्रवाल, महामंत्री एकता, सुनीता, रश्मि, सरिता, मोना, कविता, वन्दना, रोशनी, माला, मंजू, अमिता, सुष्मा, मधू, अंकिता, आदि उपस्थित रहीं। शोभायात्रा व कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवीन अग्रवाल (सागर) व आभार दीपक अग्रवाल (किताब वाले) उपाध्यक्ष ने किया।

# श्री राम की महिमा का होगा गुणगान, माँ पुष्पावती नदी की होगी महाआरती

- 19 जनवरी को शाम 6 बजे होगा भव्य आयोजन, प्रज्जवलित किये जायेंगे दीप
- शाम 4.30 बजे से होंगे भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम



**झांसी(विश्व परिवार)।** दुर्गा उत्सव महासमिति के तत्वावधान में 19 जनवरी की शाम 6 बजे काशी में होने वाली मां गंगा आरती के तर्ज पर ही मां पहुंज नदी (प्राचीन नाम पुष्पावती) की महाआरती होगी। इस महाआरती को संपन्न कराने काशी से विद्वान पंडित पधार रहे हैं। यह जानकारी दुर्गा उत्सव महासमिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम स्वामी, कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, महामंत्री विनोद अवस्थी एवं कार्यक्रम संयोजक पंडित पियूष रावत ने संयुक्त रूप से दी।

स्टेशन रोड स्थित एक स्थानीय होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि अयोध्या के भव्य मन्दिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में तथा गंगा संरक्षण अभियान के तहत यह भव्य आयोजन होगा। इससे पहले माँ पंहूज नदी की महाआरती 27 अक्तूबर को हुई थी, जिसमें हजारों लोग उपस्थित हुए थे।

कार्यक्रम के संरक्षक इंजीनियर रविकांत दुबे, कम्मू तिवारी, सीताराम यादव महेश सर्राफ मटका, मैथिली शरण मुदगिल, रोहित पांडे ,गोकुल दुबे पुरुषोत्तम अग्रवाल एवम वीरेंद्र राय ने आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में लोग इस भव्य आयोजन में शामिल हो तथा दीप प्रज्वलित करे। जय एकेडमी स्कूल के सामने स्थित मां पहुंज नदी के घाट पर होने वाली महाआरती में सभी झांसी वासी सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम के उद्देश्य से जुड़े सवाल पर पंडित पीयूष रावत ने बताया कि जल हमें जीवन देता है, इसलिए जल की प्रमुख स्रोत नदियों को पवित्र मान कर उनकी पूजा-अर्चना की परंपरा सदियों से चली आ रही है। समस्त झांसी वासियों से अपील है कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस आरती में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। उन्होंने बताया कि महाआरती से पहले शाम 4.30 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन पर आधारित विभिन्न भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

इस दौरान कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी ,गोकुल दुबे,अरविंद वशिष्ठ, अमर सिद्ध ,अमित चिरवरिया, मुकेश अग्रवाल, आलोक चतुर्वेदी , राजेश विरथरे,रवीश त्रिपाठी, अतुल किल्पन, एडवोकेट अजय मिश्रा ,सत्येंद्र पुरी गोस्वामी, मुकेश सोनी,अभिषेक साहू, पवन गुप्ता ,जयदीप खरे,एडवोकेट समीर तिवारी ,प्रभात शर्मा ,संजीव तिवारी ,अतुल मिश्रा ,एडवोकेट नरेंद्र अग्रवाल, विकास अवस्थी सूर्यप्रकाश अग्रवाल,पुरुकेश अमरया, एडवोकेट हेमंत राव आदि मौजूद रहे।

## महानगर में कल निकलेगी रामधुन, 5 से 10 हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान

**झांसी(विश्व परिवार)।** बुंदेलखंड कांवड़ यात्रा समिति झांसी द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर झांसी में रामधुन यात्रा का आयोजन किया गया है। यह रामधुन यात्रा 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे मां काली मंदिर बाहर लक्ष्मी गेट से प्रारंभ होकर मुरली मनोहर मंदिर, बड़ा बाजार, मानिक चौक, सराफा बाजार, गंदीगर टपरा, कोतवाली, पंचकुइयां, खंडेराव गेट, आशिक चौराहा से होकर श्री राम जानकी मंदिर पर संपन्न होगी।

रामधुन यात्रा के संयोजक तथा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा संजीव श्रृंगीऋषि ने बताया कि रामधुन यात्रा झांसी में विशाल यात्रा होगी। इस यात्रा में लगभग 10-15 हजार राम भक्त झांसी की सड़कों पर रामधुन गाते हुए निकलेंगे। यात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या में बने श्री राम मंदिर का मॉडल रथ पर चलेगा एवं बड़े हनुमान जी जो हरियाणा हिसार से मंगवाए गए हैं, 10 फुट के हनुमान जी यात्रा का आकर्षण बनेंगे। यात्रा में सभी मंदिरों के महंत एवं पीठाधीश्वर आगे-आगे चलेंगे। श्री राम मंदिर मॉडल के समीप लगभग 100 पंडित मंत्र उच्चारण के साथ चलेंगे। यात्रा में महानगर के सभी परिवारों से बच्चों को बाल हनुमान, सुग्रीव, अंगद के स्वरूप में आमंत्रित किया गया है। यह सभी मुगदर गदा लेकर यात्रा में आगे चलेंगे। रामधुन यात्रा में डीजे पर हमारे गायक रामधुन गाते हुए चलेंगे एवं इस्कॉन मंदिर की टीम पूरी टोली के साथ यात्रा में शामिल होगी। झांसी के सभी मंदिरों की रामधुन टीम वातावरण को राममय बनाएगी।

समिति ने आवहन किया है कि महानगर के सभी परिवारों से एक व्यक्ति इस यात्रा में अवश्य आए और अपने घरों से शंख, घटा, मंजीरा, ढोलक आदि लेकर आवे। संजीव श्रृंगीऋषि ने बताया कि 22 जनवरी को सब लोग अयोध्या नहीं जा सकते हैं, इसलिए 18 जनवरी को रामधुन यात्रा के माध्यम से झांसी को ही अयोध्या हम सब मिलकर बनाएंगे। रामधुन यात्रा में बाल हनुमान या अन्य स्वरूपों में बच्चों को समिति की ओर से निशुल्क मुगदर प्रदान किए जाएंगे। उक्त यात्रा में लगभग 5 से 10 हजार महिलाएं एवं इतने ही पुरुष राम भक्त शामिल होंगे।

पत्रकार वार्ता में आचार्य पंडित हरिओम पाठक, आचार्य पंडित विनोद चतुर्वेदी तथा लल्लन महाराज सहित अभिषेक सोनकिया, आकाश पाण्डेय, संजीव लाला, रोहित गोटनकर, धीरज मिश्रा, सत्यम महाराज, पंकज शुक्ला, अमित महाराज पालर, कमल शर्मा, साँटी नायक, निखिल नायक, सचिन मिश्रा, गौरव भार्गव आदि उपस्थित रहे।

## पिता से मिलने जा रहा था बेटा, रास्ते में ट्रैक्टर ने सुला दिया मौत की नींद

**झांसी(विश्व परिवार)।** पिता से मिलने जा रहे बाइक स वार बेटे को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायलावस्था में उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और कार्यवाही शुरु कर दी। मृतक का नाम करीब 20-25 वर्षीय आकाश वाल्मीकि पुत्र मेवालाल बताया गया। वह ललितपुर जिले के महरौनी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसका एक बेटा भी है। वह मजदूरी करता था। उसके पिता लगभग 5 किलोमीटर दूर छपराट में रहते हैं। 3 तारीख को बाइक लेकर वह अपने पिता से मिलने जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। जानकारी होने पर उसे उपचार के लिए झांसी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत में सुधार न होने के कारण उसे झांसी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, लेकिन यहां भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## झांसी से अयोध्या के लिये रवाना हुआ फोर्स



**झांसी(विश्व परिवार)।** 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो, इसके लिए झांसी से भी अयोध्या के लिए फोर्स रवाना किया गया है। बताते चलें कि झांसी से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, 3 क्षेत्राधिकारी, सीएफओ झांसी, 4 निरीक्षक, 2 महिला उपनिरीक्षक, 25 पुरुष उपनिरीक्षक, 15 महिला सिपाही और 70 पुरुष सिपाहियों की श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा के लिए ड्यूटी लगा गई है, जिसके लिए सभी को झांसी पुलिस लाइन में ब्रीफिंग के बाद रवाना किया गया।

# पतंग प्रतियोगिता में खाई पतंगों ने कलाबाजियाँ



**झांसी।** विवेक निरंजन स्मृति में विवेक निरंजन मेमोरियल फाउंडेशन एवं विवेक निरंजन खेल अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में आठवीं पतंग प्रतियोगिता विवेक निरंजन वॉलीबाल कोर्ट, गुलाम गौस खां पार्क में आयोजन की गयी। मुख्य अतिथि संजय दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, विशिष्ट अतिथि विनोद निरंजन, संजय शर्मा रहे। नरेन्द्र गुप्त दद्दू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पतंग प्रतियोगिता तीन वर्गों में पेंच पतंग प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर एवं फैशन आयोजित की गई। पेंच प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में 30 प्रतिभागियों ने सीनियर वर्ग में70 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। फैशन प्रतियोगिता में 11 ने प्रतिभाग किया। जूनियर एवं सीनियर वर्ग के 5वें राउंड में परिणाम निकला। फैशन पतंग प्रतियोगिता में तीसरे राउंड में परिणाम निकला। फैशन पतंग में जगदीश रायकवार प्रथम, बृजेंद्र वर्मा द्वितीय और आशीष कुमार तृतीय रहे। पेंच पतंग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में हैदर अली प्रथम, अरबाज खान द्वितीय, जाहिद खान तृतीय रहे। वही जूनियर वर्ग में ईशान प्रथम, फरहान द्वितीय एवं अंशु निरंजन तृतीय रहे। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को क्रमशःरूपये 1000, रूपये 500 और रूपये 400 ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र टॉप 10 को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर वीरेंद्र निरंजन, सौरभ निरंजन, मोहम्मद हसन, सारांश, अमन गोरे, समर, सुमित कुमार, अभय कुमार, कार्तिक, हर्ष ,निलेश, खुशी, ध्रव, कुमकुम ,हरेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामकिशन निरंजन एवं राजेश पटेल तथा आभार विवेक निरंजन खेल अकादमी के अध्यक्ष अवधेश निरंजन ने व्यक्त किया।

## बिरयानी बेचने वाले की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**झांसी।** सीपरी बाजार थाना क्षेत्र में एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक का नाम करीब 40 वर्षीय बलबिंदर बताया गया। वह जनपद झांसी में सीपरी बाजार थानान्तर्गत रायगंज का रहने वाला है। उसके दो बच्चे हैं। परिजनों के मुताबिक वह बिरयानी की दुकान लगाता था। विगत दिवस मंकर संक्रांति के पर्व पर वह घर से गया हुआ था। इसके बाद लौटकर वापस नहीं आया। परिजनों को चिंता हुई तो उन्होंने खोजबीन की। खोजबीन के दौरान पता चला कि उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसने आत्महत्या क्यों की, यह स्पष्ट नहीं हो सका। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा की वॉर्निंग - पुलिस को आगे करके बुन्देली योद्धाओं पर लिखाये गये मुकदमे के परिणाम गम्भीर होंगे



**झांसी(विश्व परिवार)।** बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, तत्तकालीन ग्रहमंत्री राजनाथ सिंह एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती ने बुन्देलियो से वादा किया था कि तीन साल के भीतर बुन्देलखण्ड राज्य बनबा दिया जायेगा। आज तक केन्द्र सरकार में किसी भी प्रकार कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया, जिससे कुपित होकर राजनाथ सिंह के झाँसी आगमन पर बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा द्वारा अखण्ड बुन्देलखण्ड में विरोध प्रदर्शन किया गया एवं पुतले फूँके गये। रघुराज शर्मा, हमीदा अंजुम, उत्कर्ष साहू, प्रदीप नाथ झा एवं शिवमंगल सिंह (गोलू ठाकुर) के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट दाखिल कर दी गयी। उक्त पाँचों बुन्देली योद्धाओं की जमानत अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा एवं अधिवक्ता अनुराग मिश्रा ने कराई। जमानत उपरान्त मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय,कुँअर बहादुर आदिम ,पंकज रावत , वरूण अग्रवाल ,प्रभूदयाल कुशवाहा , हनीफ खान , नरेश वर्मा ,ब्रजेश राय ,शंकर रायकवार ,बंटी दुवे , नफीस कुरैशी ,इशरार अहमद , संजीव साहू ,कलाम कुरैशी आदि उपस्थित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे बाजी की एवं सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि जितने मुकदमे और लिखबाना हो लिखबा दो। जो कायर और भयातुर है, वे सुलह के पापड़ बेलते है, जो सच्चे वीर बहादुर है, सर देके, सर से खेलते है। बुन्देली योद्धा न रूके हैं, न रूकेगे।

## बड़े हनुमान मंदिर पर प्रज्ज्वलित किये गये 501 दीप

**झांसी।** राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों की श्रृंखला में आंतिया तालाब स्थित बड़े हनुमान मंदिर पर खिचड़ी प्रसाद एवं लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही 501 दीप प्रज्वलन कर दीपदान किया गया। सामूहिक रूप से 101 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद हनुमान जी की महाआरती की गई। राष्ट्रभक्त संगठन द्वारा 24 जनवरी तक लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया, जेपी पांडे, एचएन शर्मा, रामबाबू शर्मा, अवधेश कंचन, जगदीश सेन, राहुल, मंगल श्रीवास्तव, अपित शर्मा, दीपक वर्मा, हेमराज बुंदेला, यीशु, रचना, पंकज, मलकीत, राहुल, प्रतिक कश्यप, पियूष ठाकुर, कार्तिक रावत, राज रेहान आदि उपस्थित रहे।

## सोलर पंप के लिये किसान करें आवेदन : राजकुमार

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0-कुसुम) योजना लागू की गयी है जिसमें पीएम किसान/पारदर्शी किसान सेवा योजना में पंजीकृत कृषक पहले आओ-पहले सोलर पम्प पाओ के आधार पर विभागीय वेबसाइड पर ऑन लाइन टोकन पांच हजार रूपये जमा कर बुकिंग कर सोलर पम्प का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन बुकिंग का संचालन 16 जनवरी 2024 से प्रारम्भ है।

सन्मति मेडिकल
सभी प्रकार की दवाईयाँ घर बैठे प्राप्त करें।
डॉक्टर को दिखाये और अपने दवाई के पर्चे को हमें WHATSAPP करें
नोटः एक माह की दवा लेने के लिए DISCOUNT दिया जाता है।
पता- गणेश मंदिर के पास, जैन साहब की चक्की, झाँसी
M.: 7309409464, 6388564560

समय की बचत
सही दवाइयों की प्राप्ति
फ्री होम डिलेवरी
पेट्रोल की बचत
उचित कीमत पर दवाइयाँ को घर बैठै प्राप्ति
FREE HOME DELIVERY
3 कि.मी. के दाये में
न्यूनतम बिल 500 रू.
UPTO 15 %
DISCOUNT ON MEDICINE